कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 382, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 17 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### जल है तो कल है, इसके लिए हमें आज से ही सोचना है, पानी की कमी को लेकर सोचना होगा : प्रधानमंत्री

## 'नमामि गंगा मॉडल' बनकर उभरा: मोदी

**सिरोही (राजस्थान): प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक संस्थाओं की जल अभियान में बड़ी भूमिका है। बीते दशकों में हमारे यहां एक नकारात्मक सोच बन गई थी कि हम जल संरक्षण और पर्यावरण जैसे विषयों को मुश्किल मानकर छोड़ देते थे। यह सोचते थे कि यह काम नहीं किया जा सकता। बीते आठ साल में यह मानसिकता बदली है। उन्होंने कहा कि 'जल जन अभियान' का मिशन ऐसे समय में शुरू हो रहा है जब पानी की कमी को लेकर दुनिया भारत को देख रही है। जल है तो कल है, इसके लिए हमें आज से ही सोचना है।

प्रधानमंत्री गुरुवार को आबूरोड के ब्रह्माकुमारीज संस्थान और जल शक्ति मंत्रालय की साझेदारी में शुरू किए जा रहे 'जल जन अभियान' के शुभारंभ समारोह को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में दुनिया इस बात की गंभीरता को समझ रही है कि हमारी धरती के पास जल संसाधन कितने सीमित हैं। इतनी बड़ी आबादी के कारण जल सुरक्षा भारत के लिए भी एक महत्वपूर्ण दायित्व है। मोदी ने कहा कि भारत के ऋषियों ने हजारों वर्षों से प्रकृति से मिलने वाली चीजों के संरक्षण का संदेश दिया है। इसलिए हम जल को देव की संज्ञा देते हैं। नदियों को मां मानते आए हैं। हमारी संस्कृति प्रकृति और इंसान के बीच मानवीयता का रिश्ता जोड़ती है। उन्होंने कहा कि अब केवल गंगा ही नहीं साफ हो रही है। सहायक नदियां भी स्वच्छ हो रही है। गंगा के किनारे प्राकृतिक खेती जैसे अभियान भी शुरू हुए हैं। 'नमामि गंगे' अभियान देश के विभिन्न राज्यों के लिए मॉडल बनकर उभर रहा है।



### ज्यादा से ज्यादा लोग भोजन में मोटे अनाजों को शामिल करें: मोदी

बीते दशकों में हमारे यहां एक नकारात्मक सोच बन गई थी कि हम जल संरक्षण और पर्यावरण जैसे विषयों को मुश्किल मानकर छोड़ देते थे। यह सोचते थे कि यह काम नहीं किया जा सकता। बीते आठ साल में यह मानसिकता बदली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इंटरनेशनल मिलेट ईयर भी मना रहा है। हमारे देश में बाजरा, ज्वार सदियों से खान-पान का हिस्सा रहे हैं। इनकी खेती में पानी भी कम लगता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग भोजन में मोटे अनाजों को शामिल करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इंटरनेशनल मिलेट ईयर भी मना रहा है। हमारे देश में बाजरा, ज्वार सदियों से खान-पान का हिस्सा रहे हैं। इनकी खेती में पानी भी कम लगता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग भोजन में मोटे अनाजों को शामिल करें। उन्होंने कहा कि भारत के ऋषियों ने हजारों सालों से प्रकृति से मिलने वाली चीजों के संरक्षण का संदेश दिया है। इसलिए हम जल को देव की संज्ञा देते हैं. नदियों को मां मानते आए हैं। हमारी संस्कृति प्रकृति और इंसान के बीच मानवीयता का रिश्ता जोड़ती है। 'नमामि गंगे' अभियान देश के विभिन्न राज्यों के लिए मॉडल बनकर उभर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गिरता भूजल स्तर पर भी चिंता का विषय है। इसलिए कैच द रेन मूवमेंट शुरू किया है। उन्होंने कहा कि देश की हजारों ग्राम पंचायतों में अटल भूजल योजना का काम किया जा रहा है। हमारे देश में जल जैसी जीवन की महत्वपूर्ण व्यवस्था महिलाओं के हाथ में रही है। जल जीवन मिशन में पानी समिति का नेतृत्व माताएं ही कर रही हैं। कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हम दुनिया में तेजी से बढ़ने वाली आबादी हैं। हम मानसून के सिर्फ 40-42 दिन बारिश के पानी पर सारा साल निर्भर होते हैं। हमारे देश में हर साल 2000 बिलियन क्यूसेक (56 लाख करोड) पानी बरसता है लेकिन दो हजार बिलियन क्यूसेक पानी में से सिर्फ 300 बिलियन क्यूसेक (8.5 लाख करोड़) पानी ही रोक पा रहे हैं।

### 'भारत में ज्यादातर वाटर रिसोर्सेस प्रदूषित हो रहे'

**हमने अ**पनी धरती के मौजूद जल का बीस फीसदी हिस्सा निकाल लिया है, अब वहां पानी नहीं है। भारत में ज्यादातर वाटर रिसोर्सेस प्रदूषित हो रहे है। इससे पहले बॉलीवुड एक्टर नाना पाटेकर ने कहा कि हम समझ नहीं पा रहे हैं। हम पानी का उपयोग सही नहीं कर रहे हैं। हमारी समस्या है, बच्चे बड़े हो जाते हैं और शहर की ओर चले जाते हैं। गांव की ओर नहीं लौटते हैं। हमें नए तरीके से खेती करनी पड़ेगी और यह पलायन खत्म होना चाहिए। पाटेकर ने कहा कि देश में पानी की समस्या बहुत है। महाराष्ट्र में भी पानी की समस्या है लेकिन इन देश के लिए सबसे बड़ी समस्या बढ़ती आबादी है। संस्थान के कार्यकारी सचिव बीके डॉ. मृत्युंजय ने कहा कि 'जल जन अभियान' देशभर में अगले 8 माह तक इस वर्ष के आखिर तक चलाया जाएगा। इसमें संस्थान के सदस्य मेगा सिटी से लेकर गांव-गांव तक विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये लोगों को जल संरक्षण का संदेश देंगे। पर्यावरण विशेषज्ञ जल संरक्षण की तकनीक व विभिन्न उपायों से लोगों को मार्गदर्शन देंगे। अभियान में ऐतिहासिक महत्व के जलाशय, तालाब, कुंआ, बावड़ी आदि जलाशयों व जल स्रोतों का संरक्षण व जीर्णोद्धार किया जाएगा।

## 'देश में हो रहा सबका साथ सबका विकास'

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि आदिवासी समाज को लेकर देश जिस गौरव के साथ आगे बढ़ रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व को बताता है कि अगर आपको जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों का समाधान चाहिए तो हमारे आदिवासियों की जीवन परंपरा देख लीजिए, आपको रास्ता मिल जाएगा। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय मंच पर जनजातीय संस्कृति को प्रकट करने के प्रयासों के तहत गुरुवार को यहां मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने आदिवासी कारीगरों के साथ बातचीत करने के लिए विभिन्न स्टॉलों का दौरा किया और विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा स्थापित उनके हथकरघा, हस्तशिल्प और जनजातीय उत्पादों पर एक नजर डाली। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि 21वीं सदी का नया भारत 'सबका साथ सबका विकास' के दर्शन पर काम कर रहा है। सरकार उन लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, जिनसे लंबे समय से संपर्क नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी इलाकों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जा रहा है और देश के हजारों गांव जो पहले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित थे, उन्हें 4जी कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों के युवा अब इंटरनेट और इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। इसी संदर्भ में आगे प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी बच्चे देश के किसी भी कोने में हों, उनकी शिक्षा और उनका भविष्य भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। 2004 से 2014 के बीच केवल 90 'एकलव्य स्कूल' खोले गए, जबकि 2014 से 2022 तक हमारी सरकार ने देश भर में 500 से अधिक 'एकलव्य स्कूल' को मंजूरी दी। इनमें से 400 से ज्यादा स्कूलों में पढ़ाई शुरू भी हो चुकी है और एक लाख से ज्यादा जनजातीय छात्र इन स्कूलों में पढ़ाई भी करने लगे हैं।




### 'आदिवासी बच्चे, युवा अपनी भाषा में पढ़ सकेंगे'

**पीएम** ने कहा कि अब हमारे आदिवासी बच्चे, आदिवासी युवा अपनी भाषा में पढ़ सकेंगे, आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज सरकार का जोर जनजातीय आर्ट्स को प्रमोट करने, जनजातीय युवाओं के स्किल को बढ़ाने पर भी है। इस बार के बजट में परांपरिक कारीगरों के लिए पीएम-विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना शुरू करने की घोषणा भी की गई है जो आदिवासी समुदायों के लिए वित्तीय सहायता, कौशल प्रशिक्षण और विपणन सहायता प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 8-9 वर्षों में आदिवासी समाज से जुड़े 'आदि महोत्सव' जैसे कार्यक्रम देश के लिए एक अभियान बन गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज को लेकर आज देश जिस गौरव के साथ आगे बढ़ रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ है।

## भूकंप की तैयारियों के संबंध में एक्शन टेकन रिपोर्ट दाखिल करे दिल्ली सरकार: हाई कोर्ट

**नई दिल्ली: दिल्ली हा**ई कोर्ट ने भूकंप को लेकर तैयारियों के संबंध में दिल्ली सरकार को एक्शन टेकन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने चार हफ्ते में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 10 मई को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस मामले पर सुनवाई के दौरान पहले ही हाई कोर्ट ने




चिंता व्यक्त करते हुए कहा था कि भूकंप आने पर सरकार की निष्क्रियता से लाखों लोगों की जान जा सकती है। कोर्ट ने कहा था कि सरकार के हाथ अपनी ही जनता के खून से रंगे हुए नहीं होने चाहिए।

## संसद में पीएम को लेकर गलत नहीं कहा: राहुल

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी ने पीएम नरेन्द्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े नोटिस पर अपना जवाब लोकसभा सचिवालय को सौंप दिया है। उन्हें जवाब देने के लिए 15 फरवरी तक का वक्त दिया गया था। जवाब में राहुल ने अपने बयान को सही ठहराया। इसके लिए अलग-अलग कानूनों का हवाला दिया है। राहुल ने 7 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान हिंडनबर्ग-अडाणी मुद्दे पर मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थीं। बाद में इन्हें स्पीकर ने उनके भाषण से हटा दिया था।।



इसे लेकर भाजपा सांसद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने विशेषाधिकार का नोटिस जारी किया था। इसके बात लोकसभा सचिवालय ने उन्हें 10 फरवरी को नोटिस जारी किया था।

**तस्वीर दिखाते हुए मोदी से सवाल- अडाणी से रिश्ता क्या है:** राहुल ने 7 फरवरी को एक तस्वीर सदन में दिखाई थी, इसमें मोदी और गौतम अडाणी नजर आ रहे थे। ठऊअ मेंबर्स ने इसका विरोध किया था। सभापति ओम बिड़ला ने राहुल को टोका और स्पीच फिर शुरू हुई। राहुल ने कहा, "इनका हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री के साथ क्या रिश्ता है और कैसा रिश्ता है?

**राहुल ने सवाल का जवाब भी खुद दिया:** राहुल ने कहा था, "अडाणी और मोदी जी के रिश्ते के बारे में बता देता हूं। ये रिश्ता कई साल पहले शुरू होता है, जब मोदी जी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। मोदी जी और अडाणी साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। मोदी जी को आइडिया दिया गया कि आप बिजनेसमैन के ग्रुप को साथ लाइए और वाइब्रेंट गुजरात बनाइए। मुझे लगता है ।

## द. अफ्रीका से 18 फरवरी को भारत आयेंगे 12 चीते: भूपेन्द्र यादव

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने गुरुवार को कहा कि 18 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से 7 नर और 5 मादा सहित 12 चीतों को भारत लाया जा रहा है। इन्हें लाने के लिए वायेसना के सी-17 ग्लोबमास्टर ने आज सुबह हिंडन एयरबेस से दक्षिण अफ्रीका के लिए उड़ान भरी है। 18 फरवरी को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कूनो नेशनल पार्क में चीतों को छोड़ा जाएगा। इस संबंध में दक्षिण अफ्रीका और भारत ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के अनुसार, फरवरी 2023 के दौरान 12 चीतों का एक प्रारंभिक जत्था दक्षिण अफ्रीका से भारत लाया जाना है। ये चीते 2022 के दौरान नामीबिया से भारत लाए गए आठ चीतों के साथ शामिल हो जायेंगे। पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार चीतों की आबादी को बढ़ाना भारत की प्राथमिकता है और इसके संरक्षण के महत्वपूर्ण एवं दूरगामी परिणाम होंगे। इसका लक्ष्य कई पारिस्थितिकी उद्देश्यों को हासिल करना होगा, जिसमें भारत में उनकी ऐतिहासिक सीमा के भीतर चीते की भूमिका को ।

## बेघर हुए परिवारों के साथ खड़ी है दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली: दक्षिण** दिल्ली स्थित महरौली में केंद्र सरकार की डीडीए द्वारा किए गए डेमोलिशन से बेघर हुए परिवारों के साथ केजरीवाल सरकार खड़ी हो गई है। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने मेहरौली में डेमोलिशन के चलते बेघर हुए परिवारों को बुनियादी सुविधाओं के साथ टेंट, खाना, कंबल मुहैया कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अब यह फाइल एलजी के पास लंबित है। वहीं दिल्ली के राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत और मदद पहुंचाने को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा था। राजस्व मंत्री ने डेमालिशन से प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का



अभार जताते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि सरकार के इस हस्तक्षेप से प्रभावित परिवारों को राहत मिलेगी। बता दें कि डीडीए ने महरौली पुरातत्व पार्क के विवादित सीमांकन के बहाने लाधा सराय गांव में कई घरों को गिरा दिया है। इसके चलते कई परिवार बेघर हो गए हैं और उनके पास बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। वहीं गहलोत ने दक्षिण दिल्ली के डीएम को दिए पत्र में कहा था कि इस मामले में मुझे इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट के साथ-साथ सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि डीडीए ने 10 फरवरी को गांव लाडा सराय में डेमोलिशन अभियान चलाया है। वहां कई पुराने निमार्णों को यह कहते हुए ध्वस्त कर दिया ।

## राजस्थान पर जल्द फैसला होना चाहिए: सचिन पायलट

**जयपुर:** राजस्थान में इस साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन इससे पहले ही सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच एक बार फिर गहमागहमी तेज हो गई है। पायलट ने पिछले साल विधायक दल की बैठक में शामिल न होने वाले गहलोत के खेमे के नेताओं पर कार्रवाई की मांग की है। पायलट ने बुधवार को कहा कि पिछले साल जयपुर में पार्टी विधायक दल की बैठक में नहीं होने दी गई थी। इसके लिए जिम्मेदार नेताओं के खिलाफ कार्रवाई में अत्यधिक देरी' हो रही है। राजस्थान में हर पांच साल में सरकार बदलने की परंपरा बदलनी है तो राजस्थान में कांग्रेस से जुड़े मामलों पर जल्द फैसला करना होगा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति बड़ा



हो या छोटा, पार्टी के नियम सभी के लिए समान हैं। पायलट ने सीएम अशोक गहलोत के करीबी माने जाने वाले तीन नेताओं को चार महीने पहले दिए गए शोकॉज नोटिस का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति, एके एंटनी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस नेतृत्व ही इसका सही जवाब दे सकते हैं कि मामले में देरी क्यों को रही है।

**25 सितंबर को बुलाई गई थी विधायक दल की बैठक:** सचिन ने कहा कि विधायक दल की बैठक 25 सितंबर को सीएम ने बुलाई थी। यह बैठक नहीं हो सकी। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के निदेर्शों का पालन नहीं किया गया। बैठक में जो भी होता वो अलग मुद्दा था, लेकिन बैठक ही नहीं होने दी गई। जो लोग बैठक नहीं होने देने और समानांतर बैठक बुलाने के लिए जिम्मेदार थे उन्हें अनुशासनहीनता को लेकर नोटिस दिए गए थे। मुझे मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मिली कि इन नेताओं ने नोटिस के जवाब दे दिए हैं। वहीं, कांग्रेस कमेटी की ओर से अब तक इसको लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

**सचिन ने पूछा- विधायक किसके दबाव में थे?:** पायलट ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने हाई कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। इसमें बताया गया है कि उन्हें 81 विधायकों के इस्तीफे मिले थे, जबकि कुछ विधायकों ने व्यक्तिगत तौर पर इस्तीफे सौंपे थे।

## शिवसेना विवाद: सुप्रीम कोर्ट ने असेंबली स्पीकर्स की पावर को लेकर आदेश सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने महाराष्ट्र में शिवसेना विवाद मामले में 2016 के अरुणाचल प्रदेश के नबाम रेबिया फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान बेंच पहले तय करेगी कि नबाम रेबिया पर पुनर्विचार के लिए बड़ी पीठ के पास भेजा जाए या नहीं। इस मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को फटकार लगाते हुए कहा था कि आखिर राज्यपाल राजनीति में कैसे दखल दे सकते हैं।

### सीएम योगी की मंशा के अनुरूप एमएसएमई सेक्टर में बड़े पैमाने पर आ रहे निवेशक

## एमएसएमई सेक्टर में नौ हजार एमओयू, प्रदेशवासियों को मिलेंगे 18 लाख रोजगार

**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश में एमएसएमई का बेस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद और बड़ा होने जा रहा है। इस सेक्टर में बड़े पैमाने पर उद्यमियों ने निवेश के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है। रोचक बात ये है कि प्रदेश सरकार ने यूपीजीआईएस के माध्यम से जो 19 हजार से ज्यादा एमओयू किए हैं, उनमें 9 हजार से ज्यादा एमओयू सिर्फ एमएसएमई सेक्टर में हुए हैं। इसके माध्यम से प्रदेश मे 18 लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार ने एमएसएमई सेक्टर के लिए पहले एक लाख और फिर संशोधित निवेश का टारगेट 1.25 लाख



करोड़ रुपए का रखा था। इसके सापेक्ष विभिन्न देशों और प्रदेशों के साथ ही यूपी के अंदर मंडल व जिलों में हुए निवेशक सम्मेलनों के बाद यूपीजीआईएस के मुख्य समारोह के समापन तक एमएसएमई सेक्टर के अंतर्गत कुल 1.37 लाख करोड़ रुपए के 8,829 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह दिए गए टारगेट का 110 प्रतिशत के करीब है। इसके माध्यम से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में एमएसएमई इकाइयां स्थापित होंगी, जिनका सीधा फायदा उन युवाओं को मिलेगा जो रोजगार की तलाश में हैं। साथ ही, परोक्ष रूप से भी लाखों रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

**50 करोड़ तक निवेश के 8 हजार से ज्यादा एमओयू:**
प्रवक्ता ने बताया कि यूपीजीआईएस के माध्यम से योगी सरकार बड़े निवेशकों को तो प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित कर ही रही थी, लेकिन साथ ही सरकार का इरादा छोटे निवेशकों और उद्यमों को भी बढ़ावा देने का था।

## ऑर्गन डोनेशन और ट्रांसप्लांट के लिए वन नेशन वन पॉलिसी की जाएगी तैयार

**नई दिल्ली:** केन्द्र सरकार ऑर्गन एवं टिश्यु के ट्रांसप्लांट और डोनेशन को लेकर पूरे देश में एक समान पॉलिसी बना रही है। अब देश में ऑर्गन डोनेशन और ट्रांसप्लांट के लिए वन नेशन वन पॉलिसी की तैयार की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इसकी जागरुकता के लिए सभी आयुवर्ग के बच्चों के लिए स्कूल के पाठ्यक्रम में एक पाठ तैयार किया गया है, जो बच्चों को पढ़ाया जाएगा। नई नीति के तहत केन्द्र सरकार ने डोमिसाइल की जरुरत को हटाने का फैसला किया है। इस संबंध में सभी राज्यों को सूचित किया गया है। अब जरुरतमंद व्यक्ति देश के किसी भी राज्य में जाकर आर्गन प्राप्ति के लिए रजिस्टर कर सकेगा और ट्रांसप्लांट भी करवा पाएगा। पहले राज्यों की आर्गन आवंटन नीति में जरुरतमंद व्यक्ति को अंग लेने के लिए डोमिसाइल की आवश्यकता होती थी औ? वह केवल अपने ही राज्य में ऑर्गन लेने के लिए रजिस्टर कर सकता था। नई नीति में केन्द्र सरकार ने 65 साल की आयु सीमा को खत्म करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय जीवन जीने के अधिकार को ध्यान में रखते हुए भी लिया गया है। अब किसी भी व्यक्ति ऑर्गन लेने के लिए खुद को रजिस्टर कर सकेगा। पहले नेशनल ऑर्गन एवं टीश्यु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन( नोटो) दिशा-निर्देश के अनुसार 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को ऑर्गन लेने पर पाबंदी थी।

# सिटी आस-पास संदेश

## खबर संक्षेप

### शुआट्स के आईसीएआर एक्रीडिएशन की प्रक्रिया जारी

**नैनी।** शुआट्स के मीडिया प्रभारी डा. रमाकान्त दूबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि शुआट्स द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद आईसीएआर से सम्बद्धता एक्रीडिएशन हेतु आवेदन किया जा चुका है, एक्रीडिएशन की कार्यवाही जारी है। डा. रमाकान्त दूबे ने बताया किआईसीएआर से एक्रीडिएशन हेतु आनलाईन आवेदन करना होता है। शुआट्स द्वारा एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, फारेस्ट्री, होम साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, एग्रीकल्चर, डेयरी टेक्नोलॉजी कॉलेजों के एक्रीडिएशन हेतु आवेदन किया जा चुका है। आईसीएआर द्वारा दिनांक 09-05-2022 को शुआट्स का आवेदन स्वीकार कर अप्लीकेशन आईडी भी निर्गत की जा चुकी है। कोरोना काल के कारण आईसीएआर टीम के भ्रमण में देरी होने के कारण आईसीएआर एक्रीडिएशन की प्रक्रिया प्रचलित है। आईसीएआर की वेबसाईट पर भी शुआट्स का नाम दर्ज है साथ ही आईसीएआर आल इण्डिया प्रवेश परीक्षा हेतु जारी परास्नातक बुलेटिन 2022 में क्रमांक-63 एवं पीएचडी बुलेटिन में क्रमांक 82 पर शुआट्स का नाम दर्ज है। शुआट्स प्रबंधन ने अपील की है कि छात्र-छात्राओं को भ्रम में पड़ने की आवश्यकता नहीं है, शुआट्स द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रम मान्यता प्राप्त हैं।

# मऊआइमा में सामूहिक विवाह में 64 जोड़ों ने सात फेरे लेकर एक दूजे के बंधन में बंधे

## समिहिक विवाह में 64 जोडों में एक मुस्लिम जोड़ा भी पढ़ा निकाह, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हर एक कन्या को सामान और पैंतीस हजार का चेक एवं प्रमाण पत्र गया

अखंड भारत संदेश





**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 63 हिन्दू जोडों ने सात फेरे लिए ।और एक मुस्लिम जोडा को मौलाना ने निकाह पढाया। कार्यक्रम में विकास खंड अधिकारी एवं कर्मचारियों के अलावा क्षेत्र के हजारो लोग मौजूद थे। मऊआइमा विकास खंड परिसर में गुरूवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। जिसमें पंडित बबलू दुबे ने मैक से 63 जोडों का मंत्र उच्चारण के साथ सात फेरे दिलवा कर शादी करायी। तथा मौलाना कारी रहमतुल्लाह ने एक मुस्लिम जोडे का निकाह पढाया। जिसमें नगर पंचायत मऊआइमा के आधा दर्जन जोडों ने भी शादी रचाई। इस अवसर पर कन्या को कपडे,चांदी का पायल ,बिछिया आदि के अलावा कन्या को पैंतीस हजार का चेक कुल 51 हजार रुपये प्रती जोडा खर्च किया गया। इस सामूहिक विवाह में खंड विकास अधिकारी श्याम नारायण चतुवेर्दी ,ब्लाक प्रमुख अफसरून निशां ,पत्नी इम्तियाज समी ,ग्राम प्रधान और बीडीसी, सुभाष यादव ,इम्तियाज समी ,एंव एडीओ पंचायत प्रेम चंद्र ,एडीओ समाज कल्याण नरेश चन्द्र कटिहार ,एडीओ कोआपरेटिव विजय सिंह ,जे ई एम आई असफाक अंसारी ,जे ई आर ई डी प्रशांत श्रीवास्तव ,रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष अनवर हुसैन ,कन्हैयालाल, दिनेश,अंकेश पटेल आदि समस्त विकास खंड के अधिकारी और कर्मचारी एवं क्षेत्र के हजारों लोग मौजूद थे।

# पंचायत में प्रेमी ने खाया जहर, गुजरात से शंकरगढ़ पहुंचे प्रेमिका के परिजन

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** यमुनापार के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी जान बचाई गई। यह घटना उस समय घटी, जब प्रेम प्रसंग के मसले पर एक पंचायत चल रही थी। पंचायत में गुजरात से आए प्रेमिका के परिजन भी मौजूद थे। इस मामले में पुलिस से किसी भी तरह की कोई शिकायत फिलहाल नहीं की गई है।

यह प्रकरण नगर पंचायत शंकरगढ़ के वार्ड संख्या चार, लाला का पुरवा का है। जानकारी के मुताबिक लाला का पुरवा निवासी रामनाथ टेलर का पुत्र सुशील (18) रोजी-रोटी के सिलसिले में परदेश में रहता था। इसी दौरान सुशील का सूरत (गुजरात) की एक लड़की से प्रेम हो गया। प्रेम परवान चढ़ा तो सुशील अपनी प्रेमिका के साथ दिल्ली पहुंच गया, जहां कुछ समय बिताने के बाद दोनों शंकरगढ़ (लाला का पुरवा) पहुंच गए। दूसरी तरफ बेटी को खोजते हुए उसके परिजन शंकरगढ़ पहुंच गए। गुजरात से सुशील के घर पहुंचे प्रेमिका के परिजन अपनी बेटी को ले जाने की जिद पर अड़ गए, लेकिन बेटी जाने को तैयार नहीं हुई। इसके बाद इस मामले को लेकर पंचायत बैठ गई। बताया जाता है कि पंचायत के ही दौरान सुशील ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। भरी पंचायत सुशील को जहरीला पदार्थ खाता देख लोगों ने तत्काल उसे नजदीक के अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी जान बचाई गई। इसके बाद पंचायत में शामिल लोग अपने-अपने घर को लौट गए, जबकि प्रेमिका के परिजन यहीं पर रुके हुए हैं। प्रेमिका किसी भी कीमत पर घर लौटने को तैयार नहीं है। बताया जाता है कि प्रेमिका को उसके परिजन पहले भी एक बार यहां से ले जा चुके हैं, लेकिन वह अपने प्रेमी के साथ फिर से लाला का पुरवा आ गई थी। जहर निगलने वाले सुशील का इलाज शिवराजपुर-प्रयागराज मार्ग पर स्थित एक अस्पताल में चल रहा है।

# अन्नदाता खाने-पीने की चिंताओं को छोड़ फसलों के रखवारी में लगे



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** प्रयागराज क्षेत्र के अन्नदाता दिन-रात खेतों की रखवाली में लगे हुए हैं। बावजूद इसके भी आवारा मवेशियों से किसानों की फंसले नहीं बच पा रही है। बता दें कि मेजा क्षेत्र में आवारा मवेशियों का आतंक इतना बढ़ गया है। कि अन्नदाता अपने खाने-पीने की चिंताओं को छोड़कर फसलों की रखवाली में लगा हुआ है। बावजूद इसके भी फंसले नहीं बच पा रही है। क्षेत्र के अधिकांश गांव में आवारा मवेशियों का आतंक इतना बढ़ गया है कि फसलों की निगरानी के बावजूद भी आवारा मवेशियों से फसलें नहीं बच पा रही है। यह समस्याएं अधिकांश गांव में बनी हुई है दर्जनों की संख्या में आवारा मवेशी खेतों में घुसकर फसलों को चट कर जा रहे हैं किसान केवल खेतों की रखवाली में लगा हुआ है। फिर भी फसलें बचा पाना मुश्किल हो गया है।

# अनियंत्रित कार घर में घुसी, दबकर महिला की मौत

## नाराज ग्रामीणों ने कार मालिक, चालक को पीटकर पेड़ से बांधा, डीएम को बुलाने की जिद पर रहे अड़े

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज कमिश्नरेट के यमुनानगर इलाके में बृहस्पतिवार दोपहर में एक दर्दनाक हादसा हो गया। करछना थाना क्षेत्र के अरई भस्मा गांव के सामने से गुजर रही कर अनियंत्रित होकर एक कच्चे मकान में घुस गई। जिसमे मकान की कच्ची दीवार तो ढह गई ही, एक महिला की मौत भी हो गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने कर चालक समेत दो लोगो को पकड़कर वही पेड़ में बंध दिया और पिटाइ कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि कार मालिक और चालक दारू पिए थे। जब तक डीएम मौके पर नही आ जाते तब तक दोनो को छोड़ा नहीं जाएगा। गांव में हंगामा मचा हुआ है। सूचना के घंटों बाद पहुंची करछना पुलिस ग्रामीणों को समझाने में जुटी है। करछना थाना क्षेत्र के अरई भस्मा गांव की दीपा पटेल (35) पुत्री राजकरन पटेल की शादी मांडा में हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। ससुराल में अनबन के कारण पिछले आठ साल से



अपने मायके में रह रही है। उसके तीन बच्चे है। वह माता पिता के साथ रहकर अपना गुजारा करती थी। 16 फरवरी को दोपहर में वह गाय भैंस को हैंडपंप से पानी भरकर पिला रही थी। उसी समय करछना से अरई की तरफ जा रही कार अनियंत्रित होकर दीपा पटेल के कच्चे मकान की दीवार तोड़ते हुए अंडर घुस गई। उसी समय दीपा पानी भरी बाल्टी लेकर निकल रही थी। कार की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने कार मालिक रमाकांत निवासी गोती, औद्योगिक क्षेत्र और चालक सुभाष यादव निवासी लालापुर बराव, करछना को पकड़कर पीटना शुरू एक दिया। ग्रामीणों ने दोनो को वही नीम के पेड़ में रस्सी से बांध दिया। उसके बाद भी पिटाई की गई। मृतका के चचेरे भाई इंद्रजीत पटेल ने बताया कि जब तक जिलाधिकारी प्रयागराज मौके पर नही आ जाते तब तक न तो लाश पोस्टमार्टम हाउस भेजा जाएगा न ही दोनों को छोड़ा जाएगा। गांववाले मृतका के बच्चो को मुआवजा दिया जाने और आरोपियों पर शख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

# सीओडी कर्मी सहित दो की सड़क हादसे में मौत, घंटो सड़क पर तड़पता रहा मृतक

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** थाना क्षेत्र में सीओडी कर्मचारी सहित दो लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज मामला दर्ज कर लिया है। झूंसी पुलिया के पास घंटों मृतक घायल अवस्था में पड़ा रहा लोगों की माने तो उसके पैर से कई वाहन गुजर गए थे। बुधवार की देर रात जीटी रोड पार करते वक्त कोहना निवासी अक्षय कुमार उर्फ पुल्लू घायल होकर सड़क पर गिर गया और घण्टो सड़क पर तड़पता रह। बताया जाता है कि अक्षय के पैर पर से कई वाहन गुजर गए तभी उधर से गुजर रहे एक स्कार्पियो सवार ने 108 को सूचना देकर घायल को अस्पताल भिजवाया मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और परिजनों को सूचना दी गई। अक्षत ने अस्पताल जाते वक्त रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वही बजहा गांव निवासी जालंधर प्रसाद यादव 67 सीओडी के रिटायर्ड कर्मचारी थे गुरुवार की दोपहर वह खेत से साइकिल लेकर घर जा रहे थे लीलापुर रोड पर जमुनीपुर की ओर से जाती तेज रफ्तार बाइक ने जालंधर को टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पीएम के लिए भेजा।

# अटल श्रमिक आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य देख भड़के डीएम

## गुणवत्ता और निर्माण से असंतुष्ट, ए ई से स्पष्टीकरण, जेई के वेतन रोकने का निर्देश, ठिकेदार के विरुद्ध कार्यवाही



अखंड भारत संदेश

**कोराव।** श्रम विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के इंटर क्लास तक के बच्चो,और बच्चियों के लिए निर्मित हो रहा करीब तिहत्तर करोड़ की लागत अटल आवासीय विद्यालय बेलहट कोरा० का डीएम संजय कुमार खत्री ने अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने भवन कक्षों, मेस भोजनालय कक्ष,तथा भवन की सामग्री तथा निर्माण कार्य को बड़ी बारीकी से परखा। और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों तथा ठिकेदार की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। निर्माण कार्य की क्वालिटी देख संजय कुमार खत्री डीएम बेहद नाराज हो गए और भविष्य में साइड ठिकेदार को कोई की न मिले इस निमित्त भी संबंधित अफसरों को निदेर्शीत किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी एक्शियन को तत्काल निर्माण कार्य की सामग्री का सैंपल ले कर लैब से जांच किए जाने का हुक्म दिया। डीएम ने बताया की श्रम मंत्री जी के निरीक्षण में भी मिली खामियों चेतावनियों के बावजूद उक्त निर्माण कार्य दाई संस्था को समझ में नहीं आया। इस लिए कार्यवाही जरूरी है। पीडब्ल्यूडी के ए ई को स्पष्टीकरण तथा जे ई का वेतन रोकने का निर्देश दिया। डीएम के साथ एफएलसी प्रयागराज राजेश मिश्रा,और उनकी टीम,तथा डीडीओ प्रयागराज, एसडीएम कोराव शुभम यादव, बीडीओ कोरांव मुकेश कुमार, इंस्पेक्टर कोराव धीरेंद्र सिंह,श्रम इंस्पेक्टर अवनीश त्रिपाठी, प्रकाश शंखवार,आदि अधिकारी एवं अखिल भारतीय प्रधान संगठन प्रयागराज मंडल के मंत्री शहजादे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



### डीएम ने बेल्हट और बेलवानिया गोशाला का किया निरीक्षण

**कोरांव।** डीएम ने आवासीय श्रमिक विद्यालय का निर्माण कार्य देखने के बाद सीधे बेल्हट गो शाला देखने की इच्छा जताई। और पहुंच गए देखने। अव्यवस्था देख उन्होंने जताई नाराजगी। संबंधितों को आवश्यक चेतावनी और कार्यवाही के लिए कहा। इसी प्रकार बेलवानियां गो शाला को भी चेक किया, और जो कमियां थी तुरंत अधिकारियों को बोला। इसके बाद डीएम कोराव से प्रयागराज के लिए प्रस्थान कर लिए।

# दिल्ली के कारोबारी द्वारा पत्रकार के साथ ठगी

**नैनी।** थानाक्षेत्र के एडीए कालोनी निवासी एक हिंदी दैनिक पत्रकार के साथ बीते एक माह पूर्व दिल्ली के एक कारोबारी द्वारा 7500/- रुपए ठगी कर ली गई। मिली जानकारी के अनुसार एडीए कालोनी निवासी राजीव कुमार वर्मा एक हिंदी दैनिक के पत्रकार है बीते दिवस उन्होंने पेपर प्लेट (डिस्पोजल प्लेट मसीन लगवाया और व्यवसाय का प्रयास किया ।उसी समय पहाड़ गंज दिल्ली के कारोबारी श्याम कुमार से ऑन लाइन संपर्क हुआ उन्होंने ६३२४स्त्र के मध्यम से पेपर सीट का रेट भेजा। उनकी दुकान की जानकारी भी पहाड़ गंज से मिली कि वहा दुकान है। इसके बाद 10000 पेपर शीट की कीमत 15000/- में से 7500/- रुपए 04जनवरी 2023 को गूगल पे के माध्यम से भेज दिए गए। इसके बाद से उक्त कारोबारी द्वारा ठगी की कोशिश शुरू की गई। उसी समय से कारोबारी श्याम कुमार सीट भेजने का आश्वासन देता रहा इस बीच उसने पहले ट्रांसपोर्ट से सीट भेजने की बात कही और फर्जी बिल्टी भी भेज दी। हफ्तों सीट पहुंचने का इंतजार किया गया उसके बाद कारोबारी ने ट्रेन से सीट भेजने की बात कहा। कई बार कहने पर उसने पुन बिल्टी भेजी इस बार किसी दलाल के माध्यम से सीट भेजने की जानकारी दी गई। इस बार भी धोखा ही मिला। इसके बाद से बराबर कारोबारी फोन के माध्यम से और व्हाट्सएप के माध्यम से बार बार 7500 वापस करने का आश्वासन दिया जाता रहा परंतु यह शायद उसके ठगी का तरीका है।

# श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह में श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल



**जंघई।** महिलेश्वर नाथ धाम अनुवां प्रांगण में यज्ञ सेवा संगठन द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचिका बहन अर्चना दुबे ने संगीतमय कथा सुनाया।कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का आयोजन हुआ जिसे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कथावाचिका ने रास पंच अध्याय का वर्णन करते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय है उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। कथा में भारी संख्या में भक्तगण शामिल हुए पूरा प्रांगण श्रद्धालुओं से पूर्ण रूपेण भरा था।इस अवसर पर कथा यजमान विनोद पांडेय, उषा पांडेय, सानिध्य प्रेमानंद महाराज, प्रबंधक स्वामी गंगाशरण महाराज, अध्यक्ष अंबिका प्रसाद पांडेय, कोषाध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, गामा पांडेय, आशुतोष पांडेय, प्रमोद प्रधान, विजय नाथ उपाध्याय, जितेंद्र दुबे पिंटू, दिनेश मिश्रा, दयाशंकर उपाध्याय, राघोराम उपाध्याय, प्रमोद उपाध्याय, राम अनुज उपाध्याय, लवकुश तिवारी, मिस्टर मिश्रा, अरविंद मिश्रा, राजेंद्र मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



### श्रीराम कथा समापन दिवस पर कथा सुनने उमड़ी भक्तों की भीड़

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के वरुणेश्वर महादेव मंदिर पर शिव सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के समापन दिवस गुरुवार को कथा सुनने भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।काशी से पधारी पूज्य कथावाचिका आराधना देवी जी ने मानस महात्म्य राम जन्म नामकरण, चूणाकरण, गुरुकुल शिक्षा, विवाह, कैकेई कोपभवन, रामवनगमन, सीता हरण, सबरी की भक्ति से लेकर रामेश्वर सेतु वधन, राम रावण युद्ध रावण का वध करते हुए अयोध्यापुरी में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक तक कि कथा सुनाई।कथा के बीच भक्तों के जयकारों से कथा पंडाल गूंज उठा।मानस का पूजन समिति के संरक्षक रामजी शुक्ल और समिति के अध्यक्ष मनोज पाठक ने किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय, ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र पटेल, सलिक राम मिश्रा, आत्माराम पांडेय, त्रिभुवन सिंह यादव, सूर्या यादव, लाल बहादुर यादव, रामपाल यादव, सत्यकान्त शुक्ला, कैलाश सिंह, अजय प्रजापति, अनन्त प्रसाद तिवारी, पृथ्वीपाल यादव, मौजी लाल रावत, श्याम बाबू गुप्त, निसार अहमद, धीरेंद्र सिंह सहित क्षेत्र सैकड़ो कथा प्रेमी उपस्थित रहे।

# विधायक बारा ने दिव्यांगों को वितरित किया ट्राई साइकिल एवं स्मार्टफोन

## विकास खण्ड जसरा सभागार में गुरुवार को जिला दिव्यांग जन कल्याण विभाग की ओर से किया गया आयोजन



अखंड भारत संदेश

**जसरा।** विकास खंड जसरा के सभागार में जिला दिब्यांग जन कल्याण विभाग प्रयागराज की तरफ से गुरुवार को दिब्यांग सहायक उपकरण के तहत विधायक बारा डा० वाचस्पति ने 35 दिब्यांगों को ट्राई साइकिल एवं चार स्मार्टफोन का वितरण किया। डा० वाचस्पति ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समय समय पर दिब्यांगों को सहायता राशि दी जा रही है। दिब्यांगों को पहले पांच सौ रुपये सहायता राशि मिल रही थी, उसे आज एक हजार रूपए कर दिया गया है। विधायक बारा डा० वाचस्पति ने कहा कि जिन दिब्यांग लोगों ने रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है,वह जल्द ही रजिस्ट्रेशन करवा लें,जिससे वह भी ट्रॉई साइकिल के पात्र लाभार्थी बन सकें। कार्यक्रम में जिला दिब्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रयागराज नंद किशोर याज्ञिक,भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला,विधायक प्रतिनिधि उमेश शुक्ल, प्रभारी बीडीओ विज्ञान प्रभाकर शुक्ल,एडीओ पंचायत श्यामलाल तिवारी, एडीओ समाज कल्याण गुलजार सिंह,प्रधान संघ अध्यक्ष दारा सिंह पटेल,अमरजीत यादव,लल्लू सिंह, भीम पटेल, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### शंकरगढ़ व जसरा के 108 दिव्यांगों को मिली ट्राइसाइकिल



**शंकरगढ़।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा गुरुवार को दिव्यांगों को सहायक उपकरण व ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया।विकास खंड शंकरगढ़ और जसरा के कुल 108 दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल और 2 दिव्यांगों को 2 स्मार्ट केन प्रदान की गई। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नन्द किशोर याज्ञिक ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायता उपकरण वितरण शिविर का आयोजन विकास खण्ड जसरा व शंकरगढ़ में किया गया। शिविर में विधायक बारा डॉ वाचस्पति द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया है। विकास खण्ड जसरा में 36 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल व 2 स्मार्ट केन एवं विकास खण्ड शंकरगढ में 72 ट्राईसाइकिल का वितरण कर कुल 110 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी,विधायक प्रतिनिधि उमेश शुक्ला, कुलदीप सिंह, व अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

# दुल्हन के पिता से 80 हजार किया पार

## उच्चको ने रुपयों से भरा बैग काटकर 80 हजार किया पार, नैनी के कॉटन मिल तिराहे के पास हुई घटना

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के कॉटनमिल तिराहे के पास स्थित एक गेस्ट हाउस के सामने से दुल्हन के पिता का बैग काटकर उच्चको ने हजारों रुपए नकदी पार कर दिया। पीड़ित पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबिल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से उच्चके की पहचान कर ली है। नैनी क्षेत्र के चक विश्वनाथ पड़ान, में रहने वाले महेंद्र कुमार पांडेय बांदा में थाने हेड कांस्टेबिल के पद पर तैनात हैं। बुधवार रात उनकी बेटी की शादी थी। सभी वैवाहिक कार्यक्रम उन्होंने कॉटन मिल स्थित एक गेस्ट हाउस से किया था। जैसे ही बारात गेस्ट हाउस के बाहर पहुंची वैसे ही बारातियों के स्वागत के लिए महेंद्र बाहर चले गए उन्होंने अपने पास एक बैग टांग रखा था। जिसमे एक लाख से ज्यादा रुपये मौजूद थे। उसी दौरान एक टप्पेबाज ने उनके बैग को ब्लेड से काट दिया। जैसे ही महेंद्र गेस्ट हाउस के अंदर जाने लगे रुपया बैग से बाहर दिखने लगा। मौका पाकर टप्पेबाज ने रुपया निकाल लिया। इसी दौरान एक युवक की नजर उसपर पड़ गई। टप्पेबाज को युवक ने पकड़ भी लिया, लेकिन उसे धक्का देकर टप्पेबाज कॉटन मिल तिराहे की ओर भाग निकला। पुलिस ने गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से उच्चके की पहचान कर ली है।

## खबर संक्षेप

### आठ साल पहले पुलिस कस्टडी से फरार मुल्जिम गुजरात से गिरफ्तार

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल से आठ साल पहले फरार हुए मुल्जिम को एसटीएफ ने बृहस्पतिवार को गुजरात के सूरत शहर से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवराज कोरी ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काट दिया था। इसी मामले में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। आठ साल पहले उसे नैनी जेल से एसआरएन हास्पिटल इलाज के लिए लाया गया था। यहां पुलिस वालों को गच्चा देकर वह भाग निकला था। उसे ट्रांजिट रिमांड पर प्रयागराज लाने की कार्रवाई की जा रही है फैजाबाद के कुमारगंज दत्तीपुर निवासी युवराज की शादी सुल्तानपुर के हलियापुर की रोशनी के साथ हुई थी। नौ सितंबर 2010 को दोनों में झगड़ा हुआ। मायके जाने की जिद थामे बैठी रोशनी को युवराज ने कुल्हाड़ी से काट दिया था। 10 सितंबर को युवराज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। हाईकोर्ट ने अपील खारिज कर दी। युवराज को नैनी जेल में बंद किया गया था। 27 दिसंबर 2015 को पेट दर्द की शिकायत के बाद उसे एसआरएन लाया गया। दो सिपाहियों को देखरेख के लिए लगाया गया था। सिपाहियों को गच्चा देकर 28 दिसंबर को युवराज भाग निकला। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चला था।एसटीएफ के डिप्टी एसपी नवेंदु सिंह ने बताया कि मुखबिरों ने कुछ दिन पहले युवराज के बारे में बताया था कि वह गुजरात के सूरत शहर में रह रहा है।

# पुलिस ने प्रयागराज में वाहन चोर गिरोह के चार सदस्यों को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हाईटेक वाहन चोर गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें ज्यादातर की उम्र 20 वर्ष से भी कम है और स्कूली छात्र हैं। ये गिरोह पलक झपकते ही वाहन गायब कर देता है। थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी के 11 वाहन, 315 बोर का तमंचा और 6 देशी बम भी बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त नगर, दीपक भूखर ने बताया कि इस गिरोह की गिरफ्तारी गुरुवार को जीआईसी स्कूल व रेलवे क्रासिंग के पास से की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में तरुण निषाद (19) पुत्र अवधेश निषाद निवासी उमरपुर नीवां थाना धूमनगंज का रहने वाला है। तरुण निषाद सब्जी बेचने का काम करता है। अभिषेक पासी (19) पुत्र दीपचन्द पासी निवासी उमरपुर नीवां थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज का रहने वाला है। वह कबाड़ का काम करता है। रवि पाल (21) पुत्र ननका पाल निवासी प्रेम नगर थाना कैंट जनपद प्रयागराज का रहने वाला है। वह हाईस्कूल तक पढ़ा है। अब्दुल शेख (22) उर्फ हुसैन पुत्र खुद्दूस शेख निवासी मालदा टाउन थाना मानिकचन्द जिला मालदा पश्चिम बंगाल शामिल हैं। वह वर्तमान में हड्डी गोदाम थाना करेली जनपद प्रयागराज में रह रहा था। अब्दुल शेख भी हाईस्कूल तक ही पढ़ा है।





## 3 महीने पुराना है गैंग, 25 बाइक पर साफ कर चुके हैं हाथ

दीपक भूखर ने बताया कि इस गिरोह का मास्टर माइंड तरुण निषाद है। वह अपने गिरोह के सदस्यों के साथ वाहन चोरी करके उसे आसपास के पार्किंग स्थलों पर छोड़ देता था, ताकि पुलिस की चेकिंग से बच सके। चोरी के सप्ताह 10 दिन बाद उस वाहन को वहां से निकालकर सबसे पहले उसका नंबर प्लेट बदल देते थे। नंबर प्लेट बदलने के बाद मोटरसाइकिल पकड़ में नहीं आती थी। पुलिस और वाहन मालिक भी उसे ट्रेस नहीं कर पाता था। इसके बाद चोरी के वाहनों को अब्दुल शेख को 30 से 35 हजार रुपये में बेच दिया जाता था। कई वाहनों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे आसपास के जनपदों में बेच दिया जाता था। कुछ वाहनों को डिस्मेंटल कर उसके पुर्जों को बेचा जाता था। अभी यह गिरोह नया है। 3 महीने पहले ही चारो इस धंधे में उतरे थे। 3 महीने में 25 बाइक पार कर गिरोह ने पुलिस विभाग की नाक में दम कर दिया था। आए दिन आ रही शिकायतों के बाद पुलिस ने इस गैंग के पीछे मुखबिर लगा रखा था।

### पलक झपकते ही मोटर साइकिल चुराकर नंबर प्लेट बदल देते थे शातिर

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया गया कि ये शातिर चोर योजनाबद्ध तरीके से प्रयागराज के अलग-अलग क्षेत्रों से मोटरसाइकिल की रेकी की जाती थी। इनमें से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल खड़ी करने वाले व्यक्ति का पीछा कर रेकी करता था। इसके बाद दो अन्य साथी मोटरसाइकिल चुरा लेते थे। चोरी करने के उपरान्त इन लोगों द्वारा मोटर साइकिलों की नंबर प्लेट बदल दी जाती थी, जिससे चोरी की मोटरसाइकिल की पहचान न हो सके। नंबर प्लेट बदलने से आसानी से पहचान करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में बाइक को आसानी से जाली पेपर तैयार कर बेच दिया जाता था। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम कई अन्य एफआईआर दर्ज है।




### विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंची संयुक्त निदेशक

**करछना।** विकासखंड करछना की सबसे छोटी गांव पंचायत रैपुरा में बुधवार को पहुंची संयुक्त निदेशक पंचायती राज प्रवीणा ने विकास कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान गांव में बनाए गए पंचायत भवन में मौजूद ग्रामीणों से भी उन्होंने कराए गए विकास कार्यों के बाबत पूछताछ की। कई जगह मौके पर पहुंचकर उन्होंने स्वयं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। गांव में मानक के अनुरूप समय से कराए गए कार्यों की सराहना करते हुए संयुक्त निदेशक ने सराहना भी की। उनके साथ रहे डीडी पंचायत राज जयदीप त्रिपाठी ने भी विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करते हुए गांव के लोगों से वार्ता की। दौरान मौके पर एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा ग्राम सचिव और प्रधान सहित गांव के लोग भी मौजूद रहे।

# प्रेम प्रसंग में छात्र को मारी गोली, पुलिस जांच में जुटी

अखंड भारत संदेश

**फाफामऊ।** प्रयागराज कमिश्नरेट के गंगानगर क्षेत्र में कोचिंग से लौट रहे 11वीं के छात्र को गोली मार दी गई। प्रेम-प्रसंग के चक्कर में साथ में पढ़ने वाले दो साथियों समेत 3 लड़को ने तमंचे से गोली मारी। उसे गंभीर अवस्था में स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।गंगानगर के फाफामऊ थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गांव निवासी छगन लाल साहू चाय की दुकान चलाते है। उनका बेटा मनीष कुमार साहू शांतिपुरम स्थित एक स्कूल में 11वीं का छात्र है। उसके साथ 2 लड़के पढ़ते थे। इस बार वह दोनों दूसरे स्कूल में पढ़ने लगे थे।परिजनों के मुताबिक रोज की तरह 16 फरवरी को सुबह साइकिल से कोचिंग गया था। वहां से 1.30 बजे वह छूटा तो साइकिल से ही घर लौट रहा था। शांतिपुरम में शिवगंगा विद्या मंदिर स्कूल के पास पहले से घात लगाकर बैठे बाइक सवार 3 लड़कों ने उसे रोक करके गाली गलौज करने लगे। मनीष ने विरोध किया तो उनमें से एक लड़के ने तमंचा निकाल कर-के उसे गोली मार दी। मनीष के पेट में गोली लगी है। फायरिंग की आवाज सुनकर लोग उधर दौड़े लेकिन बाइक सवार 3 लड़के मौके से भाग गए। मनीष वहीं लहूलुहान होकर गिर गया। लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर फाफामऊ थाना प्रभारी आशीष सिंह मौके पर पहुंचकर घायल छात्र को इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया। उसके बाद घरवालों को खबर दी गई। छात्र की हालत स्थिर बताई जा रही है।थानाध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि छात्र ने हमला करने वाले दो लड़कों का नाम बता दिया है। तीसरे को नहीं पहचानता है। उसके मोबाइल से व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम चैटिंग, मैसेज, फोटो और वीडियो मिले हैं। जो प्रेम-प्रसंग की तरफ इशारा कर रहे हैं। लड़की उनके क्लास में पढ़ने वाली है। जिसे मनीष और हमलावर युवक दोनों अपना मानते हैं। इसी बात को लेकर दोनों में पिछले कई महीने से तना-तनी चल रही है। फिलहाल हमलावरों की तलाश में दबिश दी जा रही है। अभी उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।



### अधिवक्ता से टप्पेबाजी के मामले में दर्ज हुई एफआईआर

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के कॉटन मिल तिराहे के पास मंगलवार रात अधिवक्ता से 12 लाख टप्पेबाजी के मामले में नैनी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस घटना स्थल से एक किमी. के आसपास लगे दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से टप्पेबाजों की पहचान करने में जुटी है। कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ भी कर रही है।

### बच्चो के विवाद में भिड़े बड़े

#### एक पक्ष पर बम चलाने का आरोप

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के उत्तरी लोकपुर पाल बस्ती में बुधवार रात बच्चो के विवाद में दो पक्षों में जमकर ईंट पत्थर चले। जिससे एक युवक घायल हो गया। आरोप है कि एक पक्ष ने बमबाजी की। सूचना पर पुलिस पहुंची तो सभी फरार हो गए। क्षेत्र के उत्तरी लोकपुर पाल बस्ती में बुधवार रात कुलदीप पाल व राजेश पाल के बच्चो में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बच्चों के विवाद में बड़े भी शामिल हो गए। दवो पक्षों में ईंट पत्थर चलने लगे। धक्का-मुक्की के दौरान राजेश का भाई सुनील पाल गिरकर घायल हो गया। आरोप है कि एक पक्ष की ओर से बमबाजी की गई। चौकी प्रभारी अरैल परमानंद सिंह ने बताया कि बच्चो के विवाद में बड़े भिड़ गए। उन्होंने बताया कि बम नही चला है, पटाखा बजाया गया था। मौके पे गए थे। सभी फरार है। तहरीर भी अभी नही दी गई।

# जगदगुरु स्वामी पंचानंद गिरी महराज के ब्रह्मलीन होने पर संतों ने जताया शोक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जूना अखाड़ा के जगदगुरु स्वामी पंचानंद गिरी महाराज के आज ब्रह्मलीन होने पर संत और महात्माओं में शोक की लहर है। सभी ने ब्रह्मलीन जगदगुरु स्वामी पंचानंद गिरी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह सनातन धर्म के स्तंभ थे। उन्होंने सनातन धर्म को संरक्षण देते हुए एक नई दिशा दिया था। संत / महात्माओं ने कहा कि पंजाब में बढ़ते हुए आतंकवाद के दौरान उन्होंने आतंकवादियों से कई बार लोहा लिया था। उन पर कई बार आतंकवादियों ने जानलेवा हमला किया था लेकिन उन्होंने आतंकवादियों को मजबूती से मुकाबला किया और उनको परास्त किया। जगदगुरु पंचानंद महराज के ब्रह्मलीन होने पर शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज, अखिल भारतीय दण्डी सन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज चरखी दादरी आश्रम हरियाणा, किन्नर अखाडा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी महाराज, उत्तर प्रदेश किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्या नंदगिरी, वृंदावन के सिद्ध पीठ बंसीवट के पीठाधीश्वर स्वामी जयरामदास महाराज, बंसीवट सिद्ध पीठ के युवा संत स्वामी बृजनंदन दास महाराज बंसी बाबा (सतुआ बाबा), महामंडलेश्वर स्वामी राघव दास महाराज , महामंडलेश्वर स्वामी रामतीर्थ दास महाराज, चित्रकूट की मानस प्रवक्ता राधिका वैष्णव , डॉ राधाचार्या जी, स्वामी अमृत दास महाराज सहित प्रमुख संत / महात्माओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया था। सभी ने एक स्वर में कहा कि उन्होंने सनातन धर्म को सदैव संरक्षण दिया और लोगों को सनातन धर्म के मार्ग पर चलने के लिए बराबर प्रेरित करते रहे। वह देश ही नहीं विदेश में भी सनातन धर्म की धर्म ध्वजा को फहराया था।







# पापों को नष्ट करने के लिए भगवान पर स्वयं प्रकट होते हैं

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** कोहना बसंत विहार कॉलोनी स्थित महाकालेश्वर धाम में चल रहे भागवत कथा सप्ताह ज्ञान ज्ञग के दौरान गुरुवार को प्रयाग पुत्री श्री वृंदावन धाम से पधारी कथा वाचिका वैष्णवी जी ने कहा कि धरती पर जब जब पाप बड़ा उसको नष्ट करने के लिए भगवान स्वयं प्रकट हुए। धार्मिक ग्रंथों में बताया गया है कि जब जब धरती पर पाप की बहुलता होती है तब तब भगवान किसी न किसी रूप में जन्म लेकर अधर्म को खत्म करके धरती को पाप मुक्त किया है। धरती पर बढ़ते पापों को खत्म करने के लिए भगवान स्वयं संसार में प्रगट होते हैं। भगवान विष्णु ने नाना प्रकार के अवतार लिए हैं। गुरुवार को कथा में कृष्ण जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया उपस्थित महिलाओं ने सोहर गाकर केक काटकर भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की। भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन भारी संख्या में भक्त जुट रहे है।

### अमोनिया गैस का रिसाव होने मचा हड़कंप, मालिक पर एफआईआर के निर्देश

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के लेप्रोसी चौराहे के समीप स्थित एक बंद पड़ी आइस फैक्ट्री में बुधवार की रात अमोनिया गैस रिसाव की सूचना से हड़कंप मच गया। मौके पर इलाकाई पुलिस के अलावा एसडीएम गणेश कनौजिया भी दल बल के साथ पहुंच गए। छानबीन की गई तो पता लगा कि अमोनिया गैस की शिफ्टिंग का कार्य चल रहा था। एसडीएम गणेश कनौजिया ने बताया कि अमोनिया गैस को शिफ्ट करने से पहले पानी में डाला जाता है, ताकि उसको निष्क्रिय किया जा सके। यहां पर भी वही कार्य हो रहा था लेकिन कार्य में सावधानी नहीं बरती गई। जिसकी वजह से आसपास के घरों में अमोनिया की गंध पहुंचने लगी। हालांकि कोई जान माल की क्षति नहीं हुई है लेकिन इससे लोग परेशान हुए इससे पहले भी यहां पर दो-तीन बार अमोनिया गैस रिसाव की वजह से हादसे हो चुके हैं बावजूद इसके ऐसी लापरवाही बरती गई इसलिए फैक्ट्री मालिक संजीव कुमार गुप्ता निवासी मुट्ठीगंज के खिलाफ नैनी इंस्पेक्टर को एफआईआर दर्ज करके कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें प्रशासनिक स्तर पर भी नोटिस भेजी जाएगी।

# डाक्टरों की लापरवाही से प्रसव पीड़िता की मौत, शव रख कर अस्पताल में हंगामा

## हंगामे के बीच पहुंची पुलिस ने मामले को समझा बुझाकर कराया शांत

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक प्राइवेट अस्पताल में प्रसव से कहरा रही महिला को परिजनों ने भर्ती कराया ।आरोप है कि बच्चा को सुरक्षित पैदा करा दिया । परन्तु डाक्टरों की लापरवाही से जच्चा की मौत हो गई। देर रात अस्पताल में शव रख कर परिजन जम कर हंगामा काटे । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस समझा बुझा कर मामले को शांत कराया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बटहा निवासी मोहम्मद चांद की 21 वर्षीय पत्नी सबरुन उर्फ समरीन बानों प्रसव रोग से पीडित थी। जिसे ग्राम सुलतानपुर खास स्थित एक इंटरकालेज के बगल में अभी हाल ही में संचालित एक प्राइवेट अस्पताल में परिजनों ने 14 फरवरी को भर्ती कराया गया । ग्रामीणों का आरोप है कि जहां 15 फरवरी को कथित नौसिखिया डाक्टरों ने बच्ची सुरक्षित पैदा करा दिए। परन्तु सबरुन उर्फ समरीन बानों ने बुधवार को देर शाम दम तोड़ दिया। इसकी सूचना जब समरीन के गांव पहुंची तो वह आरोप लगाए कि प्राइवेट अस्पताल के कथित डाक्टरों ने महज पैसा के लिए समरीन को मार डाले।बताते हैं कि जम कर बवाल एंव हंगामा काटने लगे यह हंगामा काफी रात तक चलता रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह घंटों मशक्कत के बाद मृतका के परिजनों को समझा ,बुझा कर मृतका के परिजनों को मुआवजा दिलवा कर समझौता करा दिया। तब परिजन और ग्रामीण शव लेकर गांव पहुंचे और गुरुवार को शाम को पूना में रह रहे मृतका के पति चांद मोहम्मद आया तो तब शव को दफनाया गया। बताते हैं कि इस के पूर्व सूलतानपुर खास स्थित फोरलेन पर पेट्रोल पंप के बगल संचालित प्राइवेट अस्पताल के कथित डाक्टर ने एक महिला को गलत इंजेक्शन लगा दिया। फिर अपनी गाडी से प्रयागराज भेजा तो वह रास्ते में खत्म हो गई थी। प्राइवेट अस्पताल के कथित संचालक ने अपनी गलती मानते हुए उस गरीब परिवार को समझा कर घर भेज दिया था। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने बताया कि रात में सूचना मिली थी फोर्स भेजी गई थी। जहां डाक्टरों की लापरवाही सामने आई है। फिर भी वह सी एम ओ को मऊआइमा में संचालित सभी प्राइवेट अस्पतालों और पैथालॉजी की जांच के लिए पत्र भेज दिए हैं। इस बाबत एम ओ मऊआइमा राम गोपाल वर्मा ने बताया कि यदि शिकायती पत्र आया तो वह सीएमओ से आदेश लेकर स्थानीय पुलिस के सहयोग से सभी प्राइवेट अस्पतालों एंव पैथालॉजी की जांच कर मुकदमा दर्ज करा देंगें।



सिक्किम राजभवन पहुंचकर राज्यपाल को बधाई देते भाजपा नेता आशीष केसरवानी।

# प्रयागराज से सिक्किम राजभवन पहुंचे भाजपा नेता ने दी बधाई

**सहसों।** उत्तर प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गंगापार के प्रभारी तथा उप नेता सदन विधान परिषद माधुर्य स्वभावी लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने बुधवार को सिक्किम राज्य के राजभवन में राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रतिनिधित्व करते हुए प्रयागराज भाजपा गंगापार के जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी ने गंगटोक स्थित राजभवन के विशेष आमंत्रण पर सिक्किम राजभवन पहुंचकर राज्यपाल महामहिम लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को हर्षित मन से अंगवस्त्रम भेंट कर उन्हें सम्मानित करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी ने अपार प्रसन्नता के साथ कहा यह हमसब तथा प्रयागराज जनपद के लिए बड़ी गौरव की बात है कि महामहिम का सहसों से बहुत ही गहरा नाता रहा है। प्रयागराज के समस्त भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को सदैव ही उनके सानिध्य में आशीर्वाद के साथ मार्गदर्शन मिलता रहा है। प्रयागराज के भाजपा कार्यकताओं, पदाधिकारियों ने उनके राज्यपाल नियुक्त होने पर हर्ष के साथ गदगद हैं।

# श्री यथार्थ आईएएस द्वारा निशुल्क सेमिनार आयोजन संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सिविल लाइन क्षेत्र में गुरुवार को सिविल सेवा की तैयारी कराने वाली संस्था श्री यथार्थ आई ए एस के तरफ से प्रयाग संगीत समिति में देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक अवध ओझा सर द्वारा छात्रों को मार्गदर्शन दिया गया । कार्यक्रम में 4500 से अधिक सिविल सेवा प्रतियोगी छात्र उपस्थित थे । कार्यक्रम के प्रारंभ में अवध ओझा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ । तत्पश्चात श्री यथार्थ आईएएस के निदेशक धर्मेंद्र कुमार जी ने बुके एवम शाल पहना कर स्वागत किया ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अवध ओझा जी ने कहा कि कुछ बनने के लिए कुछ बनना पड़ता है , ये प्रयागराज की भूमि सृजन की भूमि है और आगे अपने उद्बोधन में यह बताया कि छात्रों को द्वंद का शिकार होने पर तैयारी नही हो पाती अतः द्वंद या भय को अपने ऊपर ना हावी होने दें पहले पढ़ो फिर उसे समझो इस रणनीति से आपकी तैयारी आसान हो जाएगी और आपको इससे सफलता मिलेगी । और एक सिविल सेवक के ऊपर अपने देश और समाज की जिम्मेदारी होती है अतः आपका जिम्मेदार होना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी अगले 6 दिन श्री यथार्थ आईएएस में छात्रों को मार्गदर्शन देंगे। एक छात्र के सवाल का जवाब देते हुए सर ने बताया कि कम समय में सफलता कैसे प्राप्त करे का जवाब दिया कि पढ़ाई में शुरू के 3 महीने बहुत ही मायने रखते हैं शुरू के 3 महीने में सीखने की प्रक्रिया को अपनाए ऐसी गलती करने पर आपको सफलता प्राप्त में अड़चन होगी और साथ ही साथ अपना नोट्स अपने से बनाना चाहिए और अपनी तैयारी करें। विषयो का चयन अपने से करें जिससे आपको पढ़ने में मजा आयेगा और तभी आपको सफलता प्राप्त होगी। संस्थान के फाउंडर डायरेक्टर धर्मेन्द्र जायसवाल जी ने बताया कि छात्रों को दिल्ली जाकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने की आवश्यकता नही है क्यों की दिल्ली जैसी सुविधा प्रयागराज के विद्यार्थियों को अवध ओझा सर के मार्गदर्शन में भारत के सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शक एवम शिक्षक दिल्ली से आधे फीस में सम्पूर्ण सुविधाओ के साथ प्रारंभ किया जा रहा है । श्री यथार्थ आईएएस का उद्देश्य है कि छात्रों को गुणवत्तापरक बेहतर मार्गदर्शन अवध ओझा सर द्वारा आन लाइन / आफ लाइन जैसी सुविधा के साथ अन्य समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराया जाय। साथ ही धर्मेंद्र जी ने बताया कि श्री यथार्थ आईएएस में अगले 6 दिनो तक अवध ओझा जी अपना मार्गदर्शन देंगे सुबह और शाम 2 क्लास चलेंगी । क्लास में प्रवेश से पूर्व संस्थान से संपर्क करके अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें रजिस्ट्रेशन के उपरांत ही क्लास रूम में प्रवेश दिया जायेगा। संस्थान में आज 17 फरवरी से बैच प्रारंभ होंगे । जिसमे यूपीएससी/सीएसई हेतु एवम इतिहास विषय के ऑप्शनल बैच अवध ओझा सर द्वारा किया जायेगा।



## पहले दिन चार लाख से अधिक ने छोड़ी परीक्षा 10 नकलची और नौ मुन्नाभाई पकड़े गए

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की बृहस्पतिवार से शुरूआत हो गई। पहले दिन प्रदेश में हाईस्कूल और इंटर के 4,02,054 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसमें पहली पाली में दसवीं हिंदी और 12वीं सैन्य विज्ञान विषय की परीक्षा के दौरान 2,18,189 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा में इंटरमीडिएट हिंदी प्रश्नपत्र में 25,80,544 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1,83,865 अनुपस्थित रहे।परीक्षा में नकल रोकने के लिए एसटीएफ और एलआईयू को भी लगाया गया है। इसके बाद भी नौ मुन्ना भाई दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़े गए। इसमें हाईस्कूल की परीक्षा में हिंदी विषय में गाजीपुर में पांच, मथुरा, जौनपुर, बुलंदशहर और लखनऊ में एक-एक मुन्ना भाई पकड़े गए। इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है। वहीं हाईस्कूल की हिंदी विषय की परीक्षा के दौरान गड़बड़ी करने पर गाजीपुर के नंदन इंटर कॉलेज, विशुनपुरा के प्रधानाचार्य योगेंद्र यादव के एफआईआर दर्ज कराई गई है। परीक्षा में नकल करते हुए कुल 11 परीक्षार्थी पकड़े गए। इसमें हाईस्कूल में सात बालक और तीन बालिकाएं और इंटरमीडिएट में एक बालक नकल करते हुए पकड़ा गया।

## पार्टी विरोधी गतिविधियों में ऋचा सिंह सपा से निष्कासित

**प्रयागराज।** सपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष ऋचा सिंह एवं पूर्व प्रवक्ता रोली तिवारी मिश्रा को निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी के ट्वीटर हैंडल से इसकी जानकारी दी गई है।इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष ऋचा सिंह ने प्रयागराज पश्चिम विधानसभा से 2017 और 2022 का विधान सभा चुनाव लड़ा था। चुनाव में हार के बाद वह लगातार पार्टी के खिलाफ बयानबाजी कर रही थीं। इसी तरह पूर्व प्रवक्ता व आगरा दक्षिण से पार्टी प्रत्याशी रहीं डा. रोली तिवारी मिश्रा ने स्वामी प्रसाद मौर्य का बयान आने के बाद निरंतर बयानबाजी कर रही थीं।पिछले दिनों उन्होंने एक ट्वीट में लिखा था कि स्वामी के साथ अखिलेश हैं। मेरे पास बांके बिहारी हैं। अब देखना यह है कि कौन सा अहीर का छोरा किस पर भारी है। इस ट्वीट के बाद महिला सभा की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने कड़ी आपत्ति जताई थी।

## दुर्घटना मे महिला घायल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक की टक्कर से दुर्घटना मे महिला गंभीर रूप से चुटहिल हो गयी। बाबागंज के भरतपुर निवासिनी पूनम पाण्डेय 25 लालगंज के अमावां बाजार मे क्लीनिक का संचालन करती हैं। गुरूवार की सुबह वह भरतपुर से अमावां पहुंची। करीब साढे नौ बजे क्लीनिक के सामने स्कूटी मोडते समय अचानक लालगंज की ओर से आ रही बाइक ने स्कूटी मे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे पूनम को गंभीर चोटें आ गयी। स्थानीय लोगों ने आननफानन मे घायल महिला को लालगंज ट्रामा सेंटर उपचार के लिए ले आये।

## दूधाधारी मन्दिर में जलाभिषेक कल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के मुरस्सापुर सोनामऊ गंगाघाट किनारे स्थिति दूधाधारी शिव लिंग मन्दिर में महाशिवरात्रि के पर्व पर शनिवार को मुरस्सापुर ग्राम प्रधान सुरेश कुमार यादव द्वारा जलाभिषेक का आयोजन किया गया है जिसमे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। मेला कमेटी आयोजक पूर्व ग्राम प्रधान जीवन लाल यादव के नेतृत्व में मेले का भी आयोजन किया गया है।

# खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से जिले, प्रदेश व देश का नाम रोशन करें रोशनः प्रभारी मंत्री

### प्रभारी मंत्री द्वारा सांसद खेल स्पर्धा के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण



विजेता प्रतिभागियों के साथ प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा के अन्तर्गत खेल प्रतियोगितायें न्याय पंचायत स्तर से जिला स्तर पर पहुँची है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने अपनी प्रतिभा के बल पर जिला स्तर की खेल प्रतियोगिता में पहुँचे है।

उन्होने अपेक्षा कि ये युवा अपनी प्रतिभाग के बल पर प्रदेश तथा देश में भी अपने जिले का नाम रोशन करेगें। प्रभारी मंत्री आज यहां जिला स्पोर्टस स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा के समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड व पुरस्कार प्रदान कर रहे थे।

प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर कबड्डी की विजेता टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रभारी मंत्री ने सांसद खेल स्पर्धा के सफल आयोजन के लिये सांसद संगम लाल गुप्ता तथा आयोजन समिति अध्यक्ष दिनेश गुप्ता व सदस्यों तथा व्यायाम प्रशिक्षकों की सराहना की तथा प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता तथा सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर ने प्रभारी मंत्री को बुके भेंटकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। सांसद ने आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता तथा उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र समर बहादुर सिंह, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, युवा कल्याण अधिकारी के0के0 सिंह, पूर्व सहायक सूचना निदेशक आर0बी0 सिंह, अभिषेक पाण्डेय, जिला व्यायाम प्रशिक्षक रामकुमार सिंह, सुशील कुमार, मंजू सिंह आदि की सराहना की। सांसद खेल स्पर्धा में 400 मीटर दौड़ जूनियर बालक वर्ग में वृजेश वर्मा प्रथम, स्वयं तिवारी द्वितीय, हर्षित कुमार तृतीय, 800 मीटर दौड़ सीनियर बालक में आफताब प्रथम, राहुल पटेल द्वितीय, महबूब तृतीय तथा 400 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में विभा पाल प्रथम, नम्रता द्वितीय, सोनी तृतीय एवं 800 मीटर दौड़ सीनियर बालिका वर्ग में स्वाती देवी प्रथम, दीक्षा सिंह द्वितीय, पूजा सरोज तृतीय स्थान पर रही।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य, भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, अभय सिंह पप्पन, यश गौतम, राजेश सिंह, गिरधारी सिंह, दिनेश गुप्ता, रोशन लाल ऊमरवैश्य तथा उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र समर बहादुर सिंह, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय ने किया।

## कानपुर की घटना पर सरकार ने दोषियों को किया निलम्बित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद के दौरे पर पहुंचे प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कानपुर की घटना पर बड़ा बयान दिया है, प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार ने मामले में अपना रुख स्पष्ट कर दिया है, जो भी अधिकारी मामले में दोषी पाए गए हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, मुकदमा भी दर्ज किया गया है और गिरफ्तारी भी हुई। सरकार ने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सख्त निर्देश दिए हैं, जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा, मुख्यमंत्री ने भी सख्त निर्देश दिए हैं कि जो भी दोषी होगा उनको जेल भेजा जाएगा। इसकी प्रक्रिया चालू हो गई है।

मामले में किसी भी कीमत पर सरकार किसी को नहीं बक्सेगी, गरीब के आशियाने पर बुलडोजर चलने को लेकर प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने भू माफियाओं के खिलाफ जब अभियान की शुरूआत की थी तब यह स्पष्ट कर दिया था, कि यदि कोई गरीब है और उस पर मकान बनाया हुआ है तो उसको शासन के नियमानुसार नियमित कर दिया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि भूमाफिया उनको माना गया है, जिन्होंने बड़ी-बड़ी जमीनों पर कब्जा कर रखा है उनके खिलाफ सरकार कार्रवाई कर रही है। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि किसी भी जो भी गरीब, जरूरतमंद हैं सरकार द्वारा उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## दर्जनों को घायल कर चुका आवारा सांड

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां, ईदगाह, सेख का पुरवा, पम्पापुर में विगत तीन चार दिनों आवारा घूम रहे सांड ने अब तक दर्जन भर महिला पुरुष को मारकर घायल कर दिया सांड के हमले से लोग सहमे हुए है सांड के आतंक से घरों से बच्चे महिलाएं नही निकल पा रही है लोग लाढ़ी डण्डा लेकर घर से निकल रहे है सांड के हमले से ननकऊ रमेश, दिनेश, अमृत, रामकली, शिवपति दिनेश आदि लोग अब तक घायल हो चुके हैं।

# हर रोज ऐसी ही सफाई रहती है या आज ही हैः नितिन अग्रवाल

### बकाये वेतन के लिये सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

## प्रभारी मंत्री ने मरीजों से पूछे सवाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने गुरुवार को राजकीय मेडिकल कालेज के पुरुष व महिला अस्पताल का निरीक्षण किया और मरीजों से पूछा कि समय से सब कुछ मिलता है। दवा, खाना, पीना तथा साफ-सफाई रोज ऐसी होती है कि आज ही ऐसी सफाई हुई है।

इस पर मरीजों के अनुकूल उत्तर मिलने पर वह खुष दिखाई दिये। प्रभारी मंत्री के निरीक्षण में सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, पूर्व विधायक धीरज ओझा, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, अस्पताल की सीएमएस आदि लोग मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री के सामने अस्पताल के सफाई कर्मचारियों ने अपने बकाये वेतन की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जिस पर प्रभारी मंत्री ने आवष्यक कार्यवाही कर वेतन दिलाने का भरोसा भी दिया। प्रभारी मंत्री अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद पूरे केषवराय स्थित सोनेलाल राजकीय मेडिकल कालेज का भी निरीक्षण किया। इसके पहले प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल भरतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जाकर कार्यकताओं से मिले। बाद में विकास भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रभारी मंत्री ने प्रदेष में इन्वेस्टर्स के निवेष की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेष अब अपराधों के लिये नहीं बल्कि शांति सौहार्द में हो रहे विकास के लिये जाना जाएगा।



जिला अस्पताल में मरीजों से हालचाल लेते प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल।

# प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चो के अंदर उभरती है प्रतिभाः रत्ना सिंह

### शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने स्कूल को दिया आरओ प्लान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** एम के डी एकेडेमी इंग्लिश मीडियम स्कूल भदेश्वर नगर ब्रह्मौली में गुरुवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल प्रशासन की तरफ से किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रतापगढ़ पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिह व एमएलसी शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी रहे।

स्कूल के संस्थापक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्यतिथि के रूप में उमेश द्विवेदी व राजकुमारी रत्ना सिंह को सरस्वती की चित्र के साथ अंगवस्त्र शाल भेंट किया मुख्यतिथि ने सरस्वती की चित्र पर माल्यापर्ण किया। कार्यक्रम में मुख्य तिथि उमेश द्विवेदी ने स्कूल में पानी के लिए विधायक निधि से आरओ प्लान देने की बात कही और कहा कि स्कूल में होने वाले कार्यक्रम से बच्चो के अंदर छिपी प्रतिभा उभर कर सामने आती है इसलिए बच्चो को खेलकूद में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। कोराली पूर्व ग्राम प्रधान कैलाश सिंह भदौरिया ने मुख्यतिथि उमेश द्विवेदी को माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुची मुख्यतिथि राजकुमारी रत्ना सिंह ने बच्चो का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल कूद में हार जीत कोई मायने नही रखता खेल को लक्ष्य मानकर खेला जाय तो सफलता मिलती है खेल कूद में भाग लेने से बच्चो का उत्साह बढ़ता है। राजकुमारी रत्ना सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहन के लिए स्कूल प्रशासन को नकद पुरस्कार वितरण करने के लिए दिया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया बच्चों के भव्य कार्यक्रम को देख लोगो ने उनका उत्साह बर्धन किया। प्रतियोगिता में जीत का सेहरा बांधने वाले बच्चो को स्कूल प्रशासन की तरफ से उपहार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन मो0 मिन्तिक अहमद ने किया। कार्यक्रम में आये मुख्यतिथि का स्कूल के डारेक्टर मृत्युजय सिंह व प्रिंसिपल श्रेया सिंह ने आभार ब्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर स्कूल के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।



राजकुमारी रत्ना सिंह का स्वागत करते आयोजकगण।

## वांछित आरोपी धराया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अपहरण के मुकदमे के एक वांछित को गिरफ्तार कर गुरूवार को न्यायालय भेज दिया। लालगंज कोतवाली के खेंमसरी गांव निवासी विपिन सरोज पुत्र बफीलाल सरोज किशोरी के अपहरण के मुकदमें का वांछित था। मुखबिर की सूचना पर दरोगा जावेद खान ने गुरूवार की सुबह तिनमोहनिया के पास से गिरफ्तार कर उसे न्यायालय भेज दिया।

# खुंडौर से वापस हुई साकेत, सरयू समेत दो ट्रेन रद्द

## सुल्तानपुर यार्ड में मालगाड़ी हादसे का असर प्रतापगढ़ में रहा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सुल्तानपुर रेलवे यार्ड में मालगाड़ी हादसे का असर प्रतापगढ़ में भी दिखाई दिया। गुरुवार को मुंबई से अयोध्या जा रही साकेत एक्सप्रेस को खुंडौर स्टेशन से वापस बुला लिया गया। उसे रूट परिवर्तित करके भेजा गया। वहीं अयोध्या साइड से आने वाली सरयू एक्सप्रेस और उधर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतें आई। जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह तड़के सुल्तानपुर यार्ड में मालगाड़ी हादसे का शिकार हो गई। इसका असर ट्रेनों के संचालन पर पड़ा। मनकापुर से प्रयागराज संगम वाया प्रतापगढ़ होकर जाने वाली सरयू एक्सप्रेस और प्रयागराज संगम से अयोध्या तरफ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया। हादसे की जानकारी होने पर सुल्तानपुर पहुंच रही सरयू एक्सप्रेस को बीच रास्ते में खुंडौर स्टेशन से वापस किया गया। जानकारी होने पर यात्री परेशान हो गए। ट्रेन दुबारा प्रतापगढ़ आई। उसे जंघई जफराबाद होते हुए भेजा गया। सरयू एक्सप्रेस और पैसेंजर रद्द होने से उसकी प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों को परेशानी हुई। बता दें कि दोनो ही ट्रेनों से नौकरी पेशा वाले काफी पैसेंजर डेली आते जाते है। एसएस शमीम ने बताया कि हादसे की वजह से आधा दर्जन ट्रेनें रूट परिवर्तित होकर इधर से गई। सरयू और पैसेंजर रद्द रही। साकेत खुंडौर से वापस हुई।

# अधेड़ की हत्या कर सरसों के खेत में फेंका शव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/परियावां।** नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के कटरा मेंदनीगंज चैराहे के वनशक्ति मंदिर के पास गुरुवार की दोपहर में सरसों के खेत में एक अधेड़ की हत्या कर शव फेंक दिया गया।

आसपास के लोगों को जब इसकी जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस तो देखा कि मृत हालत में खेत में अधेड़ का शव था। सीओ सिटी सुबोध गौतम ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा। समाचार भेजे जाने तक शव की षिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी रही।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

उधर नवाबगंज थाना क्षेत्र के ककरिहा कन्धेरुआ निवासी संतोष कुमार पुत्र गुलाब (42) वर्षीय थाना क्षेत्र के रजवापुर में शिव दुलारे यादव के यहां लड़की की शादी में गया हुआ था, जहां जनवासा में बरातियों को पानी पिलाने के लिये काम कर रहा था जो गुरवार की सुबह लगभग 8 बजे वापस घर लौटने पर अचानक तेज बुखार की चपेट में आ गया जिसे आनन फानन में परिजन लोग पीएससी कुसुवापुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों को मौत की खबर मिलते ही कोहराम मच गया सूचना पर पहुचे नवाबगज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी व उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने शव का पंचनामा करके लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सांगीपुर थाना क्षेत्र के क्षेत्र के शुकुलपुर निवासी दीपक कनौजिया की पत्नी सपना 30 गुरूवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे अपने कमरे में पंखे के सहारे साडी के फंदे से झूल गयी। सपना के काफी देर तक कमरे से न निकलने पर उसकी सास गुडडी देवी घर के अंदर गयी और दरवाजे के सुराख से बहू को फंदे पर झूलता देख आवाक रह गयी। सास की चीखपुकार पर आसपास के लोग एकत्रित हो गये। परिजन आननफानन मे उसे सांगीपुर सीएचसी ले गये जहां चिकित्सकों ने सपना को मृत घोषित कर दिया। सपना की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी और वह अपने पीछे तीन वर्षीर्या पुत्री लाडो को निराश्रित छोड गयी है। मृतका का पति अजमेर मे मजदूरी किया करता है। इधर एक माह से वह घर पर रह रहा है। सपना की मौत को लेकर दबीजुबान से अनबन की भी चर्चा देखी सुनी गयी। सांगीपुर पुलिस का कहना है कि शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया गया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



विवाहिता की मौत पर जुटी भीड़।

## अमर जनता इंटर कालेज में सकुशल सम्पन्न हुई परीक्षा

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा आज स्थानीय अमर जनता इंटर कॉलेज में सकुशल संपन्न हुई। हाई स्कूल हिंदी प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा में सुबह पंजीकृत कुल 377 परीक्षार्थियों में 341 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए और दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के पंजीकृत 311 परीक्षार्थियों में 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि प्रथम पाली में हाई स्कूल के 36 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग नहीं किया। केंद्र व्यवस्थापक विनय कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर दोनों पालियों की परीक्षाएं सकुशल संपन्न हुई। सरकार की मंशा के अनुरूप परीक्षा की सुचिता को बनाए रखते हुए विभागीय निदेर्शों का कड़ाई से पालन किया गया।

# प्रधानों एवं सदस्यों के रिक्त पदों पर 02 मार्च को होगा मतदानः डीएम

### ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा सदस्यों के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन हेतु समय सारिणी जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) डा0 नितिन बंसल ने जनपद प्रतापगढ़ की ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों पर उप निर्वाचन हेतु समय सारिणी जारी कर दी है।

उन्होंने बताया कि जनपद में 02 ग्राम पंचायतों क्रमशः कोर्रही (विकास खण्ड बिहार) व उमरी (विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका) में प्रधानों का उप निर्वाचन तथा अन्य ग्राम पंचायतों में रिक्त 43 ग्राम पंचायत सदस्यों का उप निर्वाचन कराया जाना है। उन्होने बताया है कि 20 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों को जमा किया जायेगा, 21 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी, 22 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक उम्मीदवारी वापसी एवं अपरान्ह 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक प्रतीक आवंटन किया जायेगा। 02 मार्च को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक मतदान एवं 04 मार्च को प्रातः 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक मतगणना की जायेगी।

उन्होंने बताया है कि निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा 16 फरवरी से नामांकन पत्रों का विक्रय किया जायेगा। उप निर्वाचन में प्रधान ग्राम पंचायत एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी संवीक्षा करने, उम्मीदवारी वापस लेने, चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य सम्बान्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर होगा। परिणाम की घोषणा भी सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर की जायेगी। जिला मजिस्ट्रेट ने ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा सदस्यों के रिक्त पदों के उप निर्वाचन को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु विकास खण्ड कालाकांकर, गौरा, बाबा बेलखरनाथ धाम, बाबागंज, बिहार, रामपुर संग्रामगढ़, लक्ष्मणपुर, शिवगढ़, सण्ड़वा चन्द्रिका व सदर में निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी को नियुक्त कर दिया है।

## केंद्राध्यक्ष की सक्रियता के कारण दो का हुआ रस्टीकेशन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में हो रही बी एड मुख्य परीक्षा मे तीसरे दिन भी दो छात्रों का रस्टीकेशन हुआ। कालेज उड़ाका दल और केंद्राध्यक्ष कालेज गेट की तलाशी से लेकर कमरों तक की तलाशी में मुस्तेद दिखे। प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र का कहना है कि नकल विहीन परीक्षा कराना हमारी मुख्य प्राथमिकता है। हेमवती नंदन बहुगुणा लालगंज पूरे जिले में नकलविहीन परीक्षा कराने में अवव्वल दर्जे का माना जाता है, जहाँ परिंदे पर नही मार सकते, इसी लिए पूरे जिले में इस कॉलेज 9 कालेजों की जिम्मेदारी विश्विद्यालय ने दिया है। कुलपति ने पिछले दिनों चल रही परीक्षा में आकर केंद्राध्यक्ष की पीठ थपथपाई थी। नकलविहीन परीक्षा कराने में इस कॉलेज का कोई जोड़ नही है। आज दोनों पाली की परीक्षा में 1220 छात्रों ने परीक्षा दी। 7 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी।उक्त सूचना कालेज जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।

## हाईस्कूल की परीक्षा में परीक्षार्थी के स्थान पर दबोचा गया मुन्ना भाई

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले ही दिन प्रशासन की नकल रोकने की व्यवस्था तार तार हो उठी दिखी। लालगंज तहसील के सांगीपुर के एक विद्यालय मे परीक्षार्थी की जगह मुन्ना भाई गिरफ्त मे आ गये। केन्द्र व्यवस्थापक की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ सांगीपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। सांगीपुर के सर्वोदय इण्टर कालेज मे गुरूवार की पहली पॉली मे हिन्दी विषय की परीक्षा थी। सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी द्विवेदी परीक्षा केंद्र पर पहुंचे तो कक्ष संख्या आठ में परीक्षार्थी की जगह दूसरे को परीक्षा देते देख माथा पकड़ लिया। सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक की नाराजगी से परीक्षा केंद्र मे हडकंप मच गया। कक्ष संख्या आठ मे पडोसी जिले अमेठी के मुंशीगंज कटरा महरानीदीन निवासी अनवर अली के पुत्र नसीम हाशमी की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा थी। नसीम की जगह जालसाजी कर उसी के गांव का उमा रमण पुत्र रामस्वरूप यादव परीक्षा दे रहा था। एडीआईओएस ने यह देख कक्ष निरीक्षक आशुतोष सिंह को फटकार लगायी। दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाले आरोपी के खिलाफ केंद्र व्यवस्थापक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सांगीपुर पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर उसके खिलाफ जालसाजी, धोखाधडी व सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। सांगीपुर एसओ जितेन्द्र सिंह का कहना है कि आरोपी को दर्ज मुकदमें मे जेल भेजा जाएगा। वहीं पहले ही दिन परीक्षार्थी के स्थान पर दूसरे को परीक्षा मे शामिल होने की घटना से अन्य केन्द्रों पर भी हडकंप का माहौल देखा गया।

## खबर संक्षेप

### नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर जिला प्रशासन ने कसी कमर

**यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इण्टर की परीक्षा गुरुवार से हुई शुरू**

**कौशाम्बी।** यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गयी है 85 परीक्षा केंद्रों में 47925 परीक्षार्थी हिस्सा ले रहे है।हाई स्कूल में 26223 एवं इंटर में 21702 परीक्षार्थी पंजीकृत है जिले में 10 अतिसंवेदनशील एवं 10 संवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाए गए वॉइस सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षाएं शुरू हो गयी है 85 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं तीन जोनल मजिस्ट्रेट की बोर्ड की रखवाली के लिए तैनाती जिला प्रशासन ने की है 2668 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में प्रशासन ने लगाई है यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद ने दी है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा सुचितापूर्ण एवं नकलविहिन सम्पन्न कराने के डीएम-एसपी ने दिए निर्देश

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के दृष्टिगत यू0पी0बोर्ड परीक्षा-2023 के पहले दिन गुरुवार को जिला कन्ट्रोल रूम कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, दुर्गा देवी इण्टर कॉलेज ओसा, रियाज इण्टर कॉलेज उखैया खास, करारी इण्टर कॉलेज एवं जे0एस0 इण्टर कॉलेज भैला गुवारा परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण कर विस्तृत जायजा लिया जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कन्ट्रोल रूम कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक में सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को परीक्षा केन्द्रों पर



बोर्ड परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम एसपी



बोर्ड परीक्षा नोडल कार्यालय का निरीक्षण करते डीएम एसपी

विशेष निगरानी रखते हुए परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं नकलविहिन सम्पन्न कराने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कक्ष, स्ट्रॉग रूम एवं परीक्षा कक्ष के अवलोकन के दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापक सहित सम्बन्धित अधिकारियां को परीक्षा सुचितापूर्ण एवं नकलविहिन सम्पन्न कराने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 शासन एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने परीक्षा कक्ष में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों कर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने तथा किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि स्ट्रॉग रूम की ड्यूटी 24 घण्टे पूरी मुस्तेदी के साथ किया जाय।

## दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों को छह छह वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** मामूली बात पर प्राणघातक हमला करने के बाद इलाज के दौरान मौत होने के मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय एडीजे प्रथम ने दो सगे भाइयों समेत तीन आरोपियों को छह छह वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और तीनों आरोपियों पर दस दस हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न अदा करने पर दो 2 महीने अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी मामला कौशांबी थाना क्षेत्र के पहाड़िया अशरफ पुर गांव का है। जानकारी के मुताबिक कौशांबी थाना क्षेत्र के पहाड़िया अशरफ पुर गांव की भगवंती देवी के पति ने गांव के राजेंद्र पुत्र अनिल कुमार वा राजू पुत्र रामदीन और मोहन पुत्र रामदीन को पेड़ से आम तोड़ने से मना किया था जिस पर राजेंद्र राजू और मोहन ने भगवंती के पति पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया था इलाज के दौरान भगवंती के पति की मौत हो गई थी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर दिनांक 15 मार्च 2013 को मुकदमा अपराध संख्या 53 साल 13 दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा था मुकदमे की सुनवाई के दौरान एडीजे प्रथम ने दोनों सगे भाइयों समेत तीनों आरोपियों को छह छह वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है आरोपियों पर दस दस हजार रुपए का अदालत ने जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न अदा करने पर दो दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

## नाबालिग से रेप के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा, 31 हजार रुपए का जुर्माना

**कौशाम्बी।** नाबालिग बालिका से रेप के आरोपी के मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायालय एडीजे पॉक्सो एक्ट ने आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और 31 हजार रुपए का अर्थदंड भी आरोपी पर अदालत ने लगाया है। चरवा थाना क्षेत्र के फरीदपुर सलेम गांव में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में चरवा थाना में मुकदमा अपराध संख्या 153 सन 2020 दिनांक 9 जुलाई 2020 को दर्ज कर आरोपी रामशरण पुत्र गुड्डू निवासी फरीदपुर सलेम को पुलिस ने जेल भेजा था मुकदमे की सुनवाई के दौरान एडीजे पास्को एक्ट ने आरोपी रामशरण को दुष्कर्म का दोषी पाया सरकारी वकील के जिरह बहस के बाद न्यायालय ने आरोपी रामशरण को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और 31 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।



कर्मचारियों को सम्मानित करते जिलाधिकारी

## राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर डीएम ने किया सम्मानित

**अपने पदीय दायित्यों का निर्वहन पूर्ण तन्मयता लगन व निष्ठापूर्वक सम्पादित कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आज उदयन सभागार में अपने पदीय दायित्यों का निर्वहन पूर्ण तन्मयता, लगन व निष्ठापूर्वक सम्पादित करने तथा उच्च अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सौंपे गये दायित्यों का निर्वहन कुशलतापूर्वक कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है, जिससे वे शासकीय कार्यों को और कुशलता एवं जिम्मेदारीपूर्वक सम्पादित करें तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को, जो भी कार्य सौंपा जाता है, उसे वह पूर्ण जिम्मेदारी के साथ सम्पादित करते हैं। उन्होंने अधिकारियों/कर्मचारियों से कहा कि अपने अधिकारों का सदुपयोग करते हुए शासकीय कार्यों को सम्पादित करें एवं सरकार की मंशानुसार आमजन को त्वरित लाभान्वित करें। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट, कौशाम्बी में कार्यरत रमाकान्त पटेल, प्रशासनिक अधिकारी/नाजिर सदर एवं स्थानीय निकाय लिपिक विनोद कुमार प्रशासनिक अधिकारी/शस्त्र सहायक एवं राजस्व सहायक चन्द्रपाल सिंह पेशकार न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि/रा)डीएलआरसी राकेश कुमार मौर्य पेशकार न्यायालय जिलाधिकारी सुनील सिंह पेशकार न्यायालय अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) वासुदेव त्रिपाठी भूलेख लिपिक, राजीव रंजन न्याय सहायक, अजीत कुमार सिंह तहसीलदार (न्यायिक) सम्बद्ध भू अर्जन रईस अहमद लिपिक नगर पंचायत सम्बद्ध स्थानीय निकाय अनुभाग को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इसी प्रकार तहसील तहसील मंझनपुर में कार्यरत प्रखर उत्तम उपजिलाधिकारी, भूपाल सिंह तहसीलदार सुनील कुमार यादव सम्बद्ध आशुलिपिक उपजिलाधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद लेखपाल मनीष पाण्डेय लेखपाल अजीत कुमार लेखपाल अशोक कुमार रीडर उप जिलाधिकारी को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। तहसील चायल में कार्यरत राजेश कुमार श्रीवास्तव उपजिलाधिकारी मोबीन अहमद नायब तहसीलदार धारा सिंह पेशकार उपजिलाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता रा०नि० कार्यालय छत्रपाल सिंह रा०नि० जितेन्द्र प्रसाद लेखपाल राजेन्द्र प्रसाद लेखपाल को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। तहसील सिराथू में कार्यरत राहुलदेव भट्ट एसडीएम, सुश्री अंकिता पाठक नायब तहसीलदार हर्ष नाथ दूबे रा.नि कार्यालय सुरेश कुमार रीडर उपजिलाधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह संग्रह अमीन सुल्तान अहमद लेखपाल एवं कुलदीप शुक्ला लेखपाल को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

## छेड़खानी के आरोपी को 3 वर्ष की सजा

**कौशांबी।** नाबालिग बालिका से छेड़खानी करने के आरोपी के मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायालय एडीजे 7 पाक्सो एक्ट ने आरोपी को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और आरोपी पर 2 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है अर्थदंड ना अदा करने पर 2 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के गडरिया का पुरवा कोरिया गांव में नाबालिग बालिका से छेड़खानी के मामले में सैनी कोतवाली पुलिस ने दिनांक 15 सितंबर 2015 को मुकदमा अपराध संख्या 671 सन 2015 दर्ज कर आरोपी दिनेश कुमार सोनकर पुत्र राम प्रसाद सोनकर निवासी गडरिया का पुरवा कोरियो सैनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था छेड़खानी के मुकदमे की सुनवाई करते हुए एडीजे 7 पास्को एक्ट ने आरोपी दिनेश कुमार सोनकर को छेड़खानी का दोषी पाया और आरोपी को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 2 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है अर्थदंड ना अदा करने पर 2 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार हुआ युवती का हत्यारोपी युवक

## धर्म परिवर्तन कर शादी करने से इनकार करने पर की गयी थी युवती की हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन कर शादी करने से इंकार करने पर एक युवती की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी पुलिस ने युवती के हत्याकांड का खुलासा कर दिया है आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर युवती के हत्यारोपी ने हमला कर दिया है पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबरन इस्लाम धर्म कबूल कराने और बच्चो को जबरदस्ती नमाज पढ़ाने का युवती ने विरोध किया था युवती की हत्या करने वालें आरोपी आरिफ को जनपद से भागने के दौरान पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है,आरोपी द्वारा पुलिस टीम पर फायर करने के दौरान पुलिस ने आरोपी पर फायर किया तो उसके पैर में गोली लगी है। जबरन धर्मांतरण कराने वाला आरोपी यमुना के रास्ते नाव से चित्रकूट भाग रहा था एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है।आरोपी आरिफ ने जबरन धर्म



हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लाती पुलिस

परिवर्तन कराने और नमाज न पढ़ने से मना करने पर महिला की हत्यानकार दी थी। पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के पभोषा यमुना घाट के पास हत्यारोपी की पुलिस से मुठभेड़ हुई है मुठभेड़ के दौरान आरोपी आरिफ को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### घर से निकला बालक पहुंच गया भरवारी पीआरबी पुलिस ने पहुंचाया घर



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के ओसा गांव के राजकुमार का पुत्र विपिन कुमार उम्र 7 वर्ष बुधवार की सुबह 7:00 बजे अपने घर के बाहर खेल रहा था लगभग एक घंटे के बाद बिपिन की मां ने विपिन को खाना खिलाने के लिए आवाज लगाई तो विपिन कुछ नहीं बोला मां उसे खोजने के लिए बाहर निकली तो विपिन का कहीं पता नहीं चला जिस पर घरवाले विपिन को गांव में खोजना शुरू कर देते हैं लेकिन विपिन गांव में भी नहीं मिला इससे घर वाले परेशान हो गए और आसपास के क्षेत्रों में उसे खोजना शुरू कर दिया लेकिन विपिन का कहीं अता पता नहीं चला विपिन टहलते टहलते भरवारी पहुंच गया जहां पर पीआरबी 112 में तैनात पुलिस बल की नजर जब विपिन पर पड़ी है तो विपिन से पुलिस बल ने पूछताछ की बिपिन ने बताया कि वह वह ओसा गांव का रहने वाला है पीआरबी 112 में तैनात जवानों ने बिपिन के बताए अनुसार उसे उसके घर तक पहुंचाया पीआरबी 112 में तैनात पुलिस बल जब विपिन को लेकर विपिन के घर पहुंचे तो विपिन के घर वाले विपिन को देखकर खुश हो गए और 112 में तैनात पुलिस बल को धन्यवाद दिया।

### मूरतगंज चौकी क्षेत्र में लगातर काटे जा रहे हरे पेड़ लकडी माफिया के आगे नतमस्तक वन विभाग

**गुड्डू नाम के लकड़ी माफिया ने काट डाले नीम के हरे पेड़ विभाग के कर्मचारी के संज्ञान में होने के बावजूद भी कट गये नीम के हरे पेड**



**कोखराज कौशाम्बी।** संदीपन थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी के अन्तर्गत मुजाहिद पुर गाँव में गुड्डू नाम के लकड़ी माफिया का आतंक है गुड्डू लकड़ी माफिया ने इलाके में तमाम महुआ, नीम, आम जामुन, गूलर इत्यादि औषधीय फलदार हरे पेड़ों को लगातार माफिया काटता जा रहा है इसमें वन विभाग के कर्मचारियों की संलिप्तता की जानकारी बतायी जा रही है लगभग दर्जन भर हरे फलदार पेड़ माफिया के द्वारा काटे जा चुके हैं आखिर जिले के आला अधिकारी माफिया के कारनामे को संज्ञान लेगें या माफिया का सहयोग कर हरियाली को नष्ट कराते रहेगें आखिर इस लकड़ी माफिया से मधुर सम्बन्ध बनाने वाले कर्मचारियों से इसका मिलना जुलना दशार्ता हैं कि यह लकडी माफिया को हराभरा रखना चाहते है।

# अपराधियों की धरपकड़ के लिए गयी सैनी पुलिस पर पथराव

## गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आधा दर्जन ग्रामीणों को सैनी पुलिस ने पकड़ कर भेजा जेल



हिरासत में पुलिस टीम पर हमला करने वाले

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली पुलिस अपराधियों की धरपकड़ के लिए बुधवार की रात्रि मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र के थोंन गांव पहुंची जहां ग्रामीणों ने आधी रात को पुलिस टीम को गांव में देख कर ईट पत्थर से पथराव कर दिया जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए पुलिस टीम ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और आईपीसी की धारा 7 क्रिमनल ला एक्ट 307 353 332 427 सहित विभिन्न में गंभीर धाराओं में 21 नामजद और कुछ अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार छह आरोपियों को जेल भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाल पुलिस चौकी अझुवा इंचार्ज उपनिरीक्षक सैनी और सात सिपाहियों के साथ पुलिस टीम बुधवार की रात्रि मोहब्बतपुर पाइंसा थाना क्षेत्र के थोंन गांव में अपराधियों की धरपकड़ के लिए गयी थे आधी रात को गांव में पुलिस टीम को देखकर ग्रामीणों ने ईट पत्थर चला दिया जिससे कई सिपाही घायल हो गए पुलिस टीम ने ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित ग्रामीण नहीं माने पुलिस ने मौके से शैलेंद्र कुमार सतीश मौर्या द्वारिका प्रसाद एकलाख अहमद लवलेश मौर्या अमित कुमार रैदास को गिरफ्तार कर लिया है सैनी पुलिस ने 21 नामजद ग्रामीण और कई अन्य अज्ञात ग्रामीणों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 7 क्रिमनल ला एक्ट 307 353 427 432 सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार 6 आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### सादी वर्दी में दूसरे थाना क्षेत्र गई थी सैनी पुलिस

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली पुलिस बुधवार की आधी रात को दूसरे थाना क्षेत्र मोहब्बतपुर पइंसा के थोंन गांव में अपराधियों की धरपकड़ करने सादी वर्दी में गए थे और बिना वादी में पुलिस टीम को देखकर ग्रामीण बदमाश समझ बैठे और उन पर ईट पत्थर से हमला कर दिया अब सवाल उठता है कि क्या आधी रात को दूसरे थाना क्षेत्र में पुलिस सादी वर्दी में जाकर अपराधियों की धरपकड़ कर सकती है इस बात का जवाब पुलिस अधिकारियों के पास नहीं है।

### घटनास्थल के थाना के बजाए मुकदमा दर्ज कर रही सैनी कोतवाली पुलिस

**कौशांबी।** मोहब्बत पुर पइंसा थाना क्षेत्र के थोंन गांव में बुधवार की आधी रात्रि अपराधियों की धरपकड़ करने गई सैनी कोतवाली पुलिस टीम पर ईट पत्थर से ग्रामीणों के हमले के बाद पुलिस टीम में मुकदमा मोहब्बत पुर पइंसा थाना क्षेत्र में सैनी कोतवाली पुलिस ने नहीं दर्ज कराया है बल्कि पुलिस ने सैनी कोतवाली में 21 नामजद ग्रामीणों और कुछ अज्ञात ग्रामीणों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है अब सवाल उठता है कि जिस थाना क्षेत्र में अपराधिक घटनाएं होती है मुकदमा उसी थाना क्षेत्र में दर्ज होना चाहिए या किसी अन्य थाना क्षेत्र में मुकदमा दर्ज करने के लिए सैनी कोतवाली पुलिस कानूनी रूप से अधिकृत है क्या मोहब्बत पुर पइंसा थाना पुलिस ने सैनी कोतवाली पुलिस का सहयोग नहीं किया है और क्षेत्र की घटना को दर्ज करने से इनकार कर दिया है जिससे सैनी कोतवाली पुलिस को घटनास्थल के थाना क्षेत्र में मुकदमा दर्ज कराने के बजाय अपने थाने सैनी में मुकदमा दर्ज करना पड़ा है।

# आखिर कैसे साकार होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पीएम आवास योजना का सपना!

## एक अदद आवास के लिए तरस रहे हैं गरीब कमजोर और योजना के पात्र

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** प्रधानमंत्री आवास योजना कमीशन खोरी की भेट चढ़ गई है अपात्रों की आवास सरलता से स्वीकृत हो जाते हैं उन्हें सरकारी खजाने से आवास बनाने के लिए रकम मिल जाती है और अपात्रों के आवास बनकर तैयार भी हो जाते हैं लेकिन गरीब कमजोर मजलूम और योजना के पात्र लोग एक आदद पीएम आवास पाने के लिए ग्राम पंचायत खंड विकास अधिकारी कार्यालय से लेकर विकास भवन तक का चक्कर काटते रहते हैं लेकिन उसके बाद भी योजना के पात्रों को आवास नहीं मिल पाता है पूरे जिले में आवास योजना में धांधली के बाद भी जांच करा कर दोषियों को दंडित करने का प्रयास अभी तक नहीं हो सका है सवाल उठता है कि बीते 8 वर्षों से पीएम आवास योजना संचालित हो रही है सरकार ने भी कहा था कि दूसरे पंचवर्षीय कार्यकाल में प्रत्येक व्यक्ति को पक्का मकान मिल जाएगा लेकिन योजना में लगे अधिकारियों की



खण्डहर मकान दिखाती महिला

लापरवाही कमीशन खोरी के चलते गरीब पात्रों को आवास नहीं मिल सका है तमाम परिवार आवास योजना का लाभ पाने के लिए अधिकारियों की चौखट पर शिकायती पत्र लेकर पहुंच रहे हैं जांच के बाद भी उन्हें आवास नहीं मिल पा रहे हैं आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पीएम आवास योजना का सपना कैसे साकार होगा। इसी तरह का एक मामला नेवादा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरियावां में देखने को मिला है झोपड़ी नुमा खंडहर कच्चे घर में 3 बच्चों के साथ अनीता देवी पत्नी बृजेन्द्र जीवन यापन कर रही है बार-बार शिकायती पत्र देने के बाद भी अनीता देवी को पीएम आवास नहीं मिल सका है अब अनीता देवी आवास योजना में कहां से अपात्र है इसका जवाब भी किसी अधिकारी के पास नहीं है लेकिन उसके बाद भी अनीता देवी को पीएम आवास नहीं दिया गया है गरीब अनीता देवी सहित सैकड़ो गरीबों को पीएम आवास ना दिए जाने के चलते योजना में भ्रष्टाचार की कलाई खुल रही है जिसकी जांच कराए जाने की मांग लोगों ने की है।

# बीते वर्षो की तरह इस वर्ष भी बेखौफ शुरू है यमुना घाटों से बालू का अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** बालू के अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन का खेल बीते वर्षो की तरह इस वर्ष भी बेखौफ तरीके से शुरू है कार्यवाही के नाम पर केवल योगी सरकार को गुमराह करने का प्रयास हो रहा है बालू घाट से ओवरलोडिंग शुरू है घाट पर कार्यवाही नहीं हो रही है सड़कों पर ओवरलोड वाहन दौड़ रहे हैं जिन पर कार्यवाही के नाम पर केवल लुका छुपी का खेल हो रहा है आखिर किसके संरक्षण में बालू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं जिससे बालू घाट से ओवरलोडिंग नहीं बंद हो रही है यह बड़ी जांच का विषय है जिले के विभिन्न सड़को पर ट्राली ट्रैक्टर डंपर ट्रक ट्रेलर और बड़े वाहन को मिलाकर हजारों वाहन बालू लेकर प्रतिदिन सड़क पर निकल रहे हैं और कार्यवाही के नाम पर दर्जन भर वाहन पर कार्यवाही कर ढिढोरा पीटा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पभोषा केवट पुरवा कटैया ऐगवा कटरी शाहपुर उमरावा के पट्टे स्वीकृत है लेकिन स्वीकृति पट्टे से अधिक स्थान पर बेखौफ तरीके से बालू का खनन हो रहा है तमाम तरह की अत्याधुनिक मशीनें यमुना घाट में बेखौफ तरीके से गरज रही है बालू घाट से वाहनों में ओवरलोड लोडिंग हो रही है रमन्ना कम होने के बाद भी सड़कों पर ओवरलोड वाहन बेखौफ तरीके से दौड़ रहे हैं अवैध बालू की निकासी और ओवरलोड वाहनों के परिवहन पर रोक लगाए जाने के लिए बनाया गया पूरा सिस्टम फेल दिखाई पड़ रहा है यमुना नदी से बालू के अवैध खनन पर रोक नहीं लग रही है कार्यवाही के नाम पर महज लीपापोती हो रही है। बालू घाट के स्वीकृत पट्टो के अलावा भी यमुना नदी के कई क्षेत्रों में बालू का अवैध खनन बेखौफ तरीके से हो रहा है बालू माफियाओं पर खनन विभाग मेहरबान है जिसका नतीजा है कि 10 वर्षों के बीच बालू माफिया करोड़ों में खेलने लगे हैं सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों के संचालन पर परिवहन विभाग मेहरबान है जिला अधिकारी बार-बार ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही करने का निर्देश दे रहे हैं लेकिन उनका निर्देश खनन और परिवहन विभाग के अधिकारियों पर पड़ता नहीं दिखाई पड़ रहा है

**योगी सरकार को गुमराह करने के लिए केवल कार्यवाही का पीटा जा रहा है ढिढोरा**



बालू पासर सड़को पर सक्रिय दिखाई पड़ रहे हैं कार्यवाही के लिए अधिकारियों के सड़कों पर निकालते ही बालू पासर वाहन चालकों को अधिकारियों की गतिविधियों की सूचनाएं उपलब्ध करा देते हैं जिससे ओवरलोड वाहनों के चक्के थम जाते हैं वाहन ढाबों में पेट्रोल पंप में या सड़क की पटरियों पर खड़े कर दिए जाते हैं जिन पर कार्यवाही नहीं हो पाती है सवाल उठता है कि यमुना नदी के घाट पर ही 2 कर्मचारियों को लगाकर ओवरलोड वाहनों की जांच क्यों नहीं करा ली जाती है और यदि बालू घाट पर वाहनों में अधिक बालू है तो वहीं पर वाहन को सीज कर दिया जाए या फिर ओवरलोड वाहनों से निर्धारित बालू के अतिरिक्त बालू को यमुना घाट ही पर निकाल लिया जाए और ज्यादा बालू देने वाले बालू घाट संचालकों पर वहीं पर मुकदमा दर्ज करा दिया जाए लेकिन ऐसा कुछ नहीं हो रहा है बालू घाट से ओवरलोड वाहन बेखौफ तरीके से निकल रहे हैं योगी सरकार के निदेर्शों की धज्जियां उड़ाते हुए यमुना नदी के विभिन्न घाटों से बालू का अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन हो रहा है एनजीटी के नियमों का भी बेखौफ तरीके से उल्लंघन हो रहा है योगी सरकार को गुमराह करने के लिए केवल कार्यवाही का ढिंढोरा पीटा जा रहा है।

## संपादकीय

# बयानवीरों की जय हो!

**वैश्विक** स्तरपर हमें अनेकों देशों के पक्ष-विपक्ष के बयानों को मीडिया के माध्यम से सुनने को मिलता है जिसमें एक बयान कामन हो चला है कि, देश के सामने बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस तरह की बातें सामने लाई जा रही है !यानें मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश और दूसरा संविधान खतरे में? इस प्रकार के बयान पक्ष विपक्ष द्वारा अपने वह पार्टी के हितों को ध्यान में रखते हुए अपनी सुविधाओं के अनुसार दिए जाते हैं तथा अगर बात आंग पर आई तो फट से पीछा छुड़ा लिया जाता है कि यह उसका निजी बयान है, पार्टी या सरकार या दूसरा हित से कोई लेना देना नहीं! शाबाश!! यह हुई ना बात, सांप भी मरे लाठी भी न टूटे, परंतु ए बाबू ये तो पब्लिक है, ये सब जानती है ये, तो पब्लिक है। हम पड़ोसी मुल्क ने भी जब दो दिन पहले पीओके जाकर यह मुद्दा उठाया तो वैश्विक मीडिया में आया घरेलू आर्थिक दुर्गति से ध्यान हटाने की कोशिश है, अभी भारत में भी कुछ दिनों से अलग अलग मुद्दों पर अलग अलग नेताओं के द्वारा बयान आया कि, देश के सामने बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश है। साथियों बात अगर हम भारत की करें तो कश्मीर में चल रहे अतिक्रमण रोधी अभियान, उद्योगपति का रिसर्च कंपनी की रिपोर्ट मामला, रामचरित्तमानस मामला, असम के बाल विवाह कानून के खिलाफ कार्यवाही, ज्ञानवापी मुद्दा सहित पिछले कुछ दिनों, महीनों और सालों के आरंभ मुद्दे उठाकर देखें तो हमें बयानवीरों का यह बयान जरूर मिलेगा कि मुद्दों से भटकाने की कोशिश! या संविधान खतरे में है? एजेंसियों का दुरुपयोग इत्यादि याने जो पक्ष सत्ताधारी है, तो विपक्ष बोलता है। यदि विपक्ष सत्ताधारी हो जाता है तो पक्ष था वह विपक्ष ने आकर यही बोलता है! यह हम पिछले दशकों से ही देखते आ रहे हैं। बल्कि आज भी जो पक्ष केंद्र में विपक्ष है और जो राज्य में विपक्ष है, उनके बयानवीरों की शैली हम देखेंगे के एकसी ही होगी, जहां जो विपक्ष में होगा यह शैली जरूर होगी। परंतु ऐ बाबू ये तो पब्लिक है, ये सब जानती है ये तो पब्लिक है। साथियों बात अगर हम बुधवार 15 फरवरी 2023 को 370 हटाए गए राज्य सहित अनेकों राज्यों व मुद्दों की करें तो वहां अनेकों बयानवीरों के बयान इस तरह के हैं, हालांकि यह मीडिया में उठाए गए हैं और टीवी चैनलों पर भी इन्हें देखा जा सकता है, परंतु मेरा मकसद किसी को ठेस पहुंचाना नहीं बल्कि व्यंग्य के रूप में सच्चाई जाहिर करना है। आइए हम बयान पढ़ते हैं। 370 हटाए गए राज्य की एक पार्टी की अध्यक्षा ने राज्य में चल रहे अतिक्रमण रोधी अभियान की आलोचना करते हुए बुधवार को सत्ताधारी पार्टी के नेतृत्व वाले केंद्रपर बेरोजगारी और उद्योगपति विवाद जैसे अहम मुद्दों से देश का ध्यान हटाने के लिए इस राज्य का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।उन्होंने यहांसंवाददाताओं से कहा, उद्योगपति मुद्दे और इससे देश की अर्थव्यवस्था को हुए नुकसान से ध्यान हटाने के लिए उन्हें इस राज्य से बेहतर कुछ नहीं मिलता,जैसे अतिक्रमण रोधी अभियान। असम में बाल विवाह कानून के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई हो रही है। सीएम ने कुछ दिन पहले बाल विवाह पर सख्ती की बात कही थी और अब उसका असर दिखने लगा है।चार हजार से ज्यादा लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है और 2200 से ज्यादा गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

## बुनियादी शिक्षा बच्चों के लिए सामयिक प्रयोगवादी होनी चाहिए

संजीव ठाकुर

**बुनियादी,** नैतिक शिक्षा किसी भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के नैतिक तथा आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है' शिक्षित सुसंस्कृत नागरिक देश की एक बड़ी धरोहर होते हैं 'जिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है।हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें' बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता' वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है। विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी।

# मानवता के पुजारी थे रामकृष्ण

रमेश सर्राफ धमोरा



**स्वामी** रामकृष्ण परमहंस भारत के सुप्रसिद्ध संत, महान विचारक व मानवता के पुजारी थे। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने सभी धर्मो को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था सभी धर्मों का आधार प्रेम हैं। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। इनका जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी- देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गई थी। 1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था। अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नही थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है। रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हे अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष मे पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रुप में आराधना की। यही शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं। रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होने उन्हे अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्व मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हे कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये। रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था। तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई है और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधी थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्षो से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी। रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उसे अपना गुरु मान लेते थे। इनके प्रमुख शिष्यों में स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। श्री रामकृष्ण के जीवन के अन्तिम वर्ष कारुण रस से भरे थे। 15 अगस्त 1886 को अपने भक्तों और स्नेहितों को दुख के सागर में डुबाकर वे इस लोक में महाप्रयाण कर गये।

रामकृष्ण परमहंस महान योगी, उच्चकोटि के साधक व विचारक थे। सेवा पथ को ईश्वरीय, प्रशस्त मानकर अनेकता में एकता का दर्शन करते थे। सेवा से समाज की सुरक्षा चाहते थे। रामकृष्ण का सारा जीवन अध्यात्म-साधना के प्रयोगों में बीता। वे लगातार कई घंटों तक समाधि में लीन हो जाते थे। चैबीस घंटे में बीस-बीस घंटों तक वे उनसे मिलनेवाले लोगों का दुख-दर्द सुनते और उसका समाधान भी बताते।

स्वामी रामकृष्ण परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। रामकृष्ण परमहंस मुख्यतः आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता थे। जिन्होंने देश में राष्ट्रवाद की भावना को आगे बढ़ाया। उनकी शिक्षा जातिवाद एवं धार्मिक पक्षपात को नकारती हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये उनके परम शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने एक मई 1897 को बेलुड़ में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। इस मिशन की स्थापना के केंद्र में वेदान्त दर्शन का प्रचार-प्रसार है। रामकृष्ण मिशन के उद्देश्य मानवता के सर्वांगीण कल्याण के लिए काम करना, विशेष रूप से गरीबों और दलितों के उत्थान के लिए। मार्च 2022 तक रामकृष्ण मिशन और रामकृष्ण मठ के पूरे विश्व में 265 केंद्र कार्यरत हैं।

> स्वामी रामकृष्ण परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। रामकृष्ण परमहंस मुख्यतः आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता थे

# मेहनत की सिसकियां, नकल माफिया और राजनीतिक बैसाखियां

प्रियंका सौरभ

**उत्तराखंड में** देश का सबसे सख्त "नकल विरोधी कानून" लागू हो गया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम और रोकथाम के उपाय) अध्यादेश 2023 को मंजूरी दे दी है।'नकल विरोधी कानून' के तहत नकल करने वाले उम्मीदवारों को दंडित किया जाएगा और उन पर 10 साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। नकल माफिया को उम्रकैद या 10 साल की जेल के साथ 10 करोड़ का जुमार्ना लगाने का प्रावधान है। इसके अलावा नकल माफिया की संपत्ति कुर्क करने का भी प्रावधान है। यह यूकेपीएससी पेपर लीक के बाद आया है, जिसके कारण लगभग 1.4 लाख सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों की परीक्षा रद्द कर दी गई थी। टी-कॉपीइंग एक्ट, 1992 भारतीय जनता पार्टी के कल्याण सिंह की अध्यक्षता वाली उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1992 में अधिनियमित एक भारतीय कानून था। राजनाथ सिंह, हालांकि उस समय की सिंह सरकार में शिक्षा मंत्री थे, इस विचार का श्रेय स्वयं मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को दिया गया था। कानून का उद्देश्य राज्य में स्कूल और विश्वविद्यालय परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर नकल की प्रथा को रोकना है। इस अधिनियम ने परीक्षाओं में अनुचित साधनों के उपयोग को एक संज्ञेय अपराध बना दिया और यह गैर-जमानती था और कथित तौर पर पुलिस को जांच करने के लिए परीक्षा परिसर में प्रवेश करने की अनुमति दी। हालांकि, मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकार, जो 1993 में सत्ता में आई थी, ने अगले वर्ष इसे निरस्त कर दिया।

निष्पक्ष और नकलविहीन भर्ती परीक्षा कराने के लिए उत्तराखंड में देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू हो गया है. यह यूकेपीएससी पेपर लीक के बाद आया है, जिसके कारण लगभग 1.4 लाख सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों की परीक्षा रद्द कर दी गई थी। कानून परीक्षाओं की शुचिता में बाधा डालने, अनुचित साधनों के प्रयोग, प्रश्न पत्रों के लीक होने और अन्य अनियमितताओं से संबंधित अपराधों को रोकने के लिए है। 'एंटी-कॉपीइंग लॉ' के तहत, धोखाधड़ी में शामिल उम्मीदवारों को तीन साल की कैद और न्यूनतम 5 लाख रुपये के जुमार्ने से दंडित किया जाएगा। जुमार्ना नहीं देने पर प्रत्याशी को नौ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दूसरी बार के अपराधी को न्यूनतम 10 साल की जेल और 10 लाख रुपये के जुमार्ने से दंडित किया जाएगा। 10 करोड़ रुपए जुमार्ना लगाने का प्रावधान है। नकल माफिया के लिए आजीवन कारावास या 10 साल की जेल। इसके अलावा नकल माफिया की संपत्ति कुर्क करने का भी प्रावधान है। उत्तराखंड में नकल विरोधी कानून बना है और उसके तहत पहला केस एक छात्र तथा एक न्यूज पोर्टल पर दर्ज हुआ है क्योंकि उन्होंने यह कहा कि बीते कल जो पटवारी की परीक्षा हुई थी, उसमें पेपर सीलबंद नहीं था। हालांकि आयोग ने स्पष्टीकरण में कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पहाड़ों में गड्ढे बहुत हैं और झटके लगने से ऐसा हुआ होगा। पुलिस ने उस स्पष्टीकरण को जमकर आगे बढ़ाया। किसी ने पल भर भी यह नहीं सोचा कि जहां हर पेपर लीक, हर पद पर धांधली और हर परीक्षा पर सवाल उठे हैं, सैकड़ों पहले से ही जेलों में है, वहां छात्रों की शंका को दूर करना जरूरी है। शासन-प्रशासन ने आनन-फानन में छात्र पर ही केस दर्ज कर दिया। उनके स्पष्टीकरण को पढ़कर मुझे अपना सिलेंडर डिलीवरी वाला याद आ गया। सिलेंडर सील भले ही टूटी हो, मैं खाना खाने, बनाने वाला भी भले हूँ लेकिन अकेला होकर भी सिलेंडर महीना भर न चला हो मगर उसने कभी नहीं माना कि इसमें कुछ गड़बड़ी हुई है। हर बार अपनी मजबूरी पापी पेट और बाजारीकरण रहा है। उत्तराखंड सरकार के लिए अगला कदम कानून का कार्यान्वयन है। कड़े दिशा-निर्देशों और एसओपी को अपनाना होगा जिसके जरिए कानून को लागू किया जा सके। इन दिशा-निर्देशों का पालन परीक्षा कराने में शामिल पुलिस सहित विभिन्न एजेंसियों को करना है।

बिना भौतिक प्रश्न पत्र के कंप्यूटर पर ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाती है। ऑनलाइन परीक्षाएं कई विश्वविद्यालयों, संस्थानों और प्रतियोगी परीक्षा निकायों के पेन और पेपर-आधारित परीक्षणों से स्विच करने के साथ लोकप्रियता प्राप्त कर रही हैं। ऑनलाइन परीक्षा, जिसे सीबीटी (कंप्यूटर आधारित टेस्ट) भी कहा जाता है, सुरक्षित और विश्वसनीय मानी जाती है और इसमें सुरक्षा और धोखाधड़ी के मोर्चे पर न्यूनतम जोखिम होते हैं। ये परीक्षाएं कंप्यूटर, स्थिर इंटरनेट कनेक्टिविटी आदि जैसे पर्याप्त बुनियादी ढांचे वाले केंद्रों में आयोजित की जाती हैं।

ऑनलाइन परीक्षा में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या धोखाधड़ी की संभावना नगण्य होती है, और यदि किसी प्रकार का हस्तक्षेप होता है तो इसका आसानी से पता लगाया जा सकता है और दोषी को दंडित किया जा सकता है। ऑनलाइन परीक्षाएं उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करने और परिणाम तैयार करने के समय को भी कम कर देती हैं। कई राज्य सरकारें इसके लाभों के कारण परीक्षाओं के ऑफलाइन से ऑनलाइन मोड में तेजी से स्विच कर रही हैं।

उदाहरण के लिए, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राज्य राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी आदि, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करने के लिए मानव संसाधन विभाग द्वारा स्थापित एक स्वायत्त और आत्मनिर्भर परीक्षण एजेंसी है। इसका उद्देश्य प्रवेश और भर्ती उद्देश्यों के लिए उम्मीदवारों की योग्यता का आकलन करने के लिए कुशल, पारदर्शी और अंतरराष्ट्रीय मानक परीक्षण आयोजित करना है। कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं को ऑनलाइन मोड जैसे आईआईटी, जेइ परीक्षा, (केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा) आदि के माध्यम से आयोजित करता है। बार-बार पेपर लीक होने से देश में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता खत्म हो जाती है। मेहनती नौजवानों के अधिकारों की रक्षा के लिए, जो रात-रात भर मेहनत करते हैं, उत्तराखंड सरकार द्वारा "प्रति-नकल अधिनियम" एक बहुप्रतीक्षित कदम है। अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को जो इसी तरह के खतरे का सामना कर रहे हैं, उन्हें इसका पालन करना चाहिए। साथ ही, कानून को अक्षरशः लागू करने के लिए कड़े दिशा-निर्देशों और एसओपी की आवश्यकता है।

# तोताराम जी उवाच

सुनील कुमार महला

**तोताराम** जी मीडिया में महंगाई की खबरें देखते हुए हमसे कह रहे थे कि ये मीडिया गाहे-बगाहे महंगाई पर कुछ भी कहता रहता हैं। और कोई समाचार इन मीडिया वालों के पास है नहीं, हमेशा महंगाई का गाना गाते रहते हैं। कभी महंगाई को कुछ तो कभी कुछ संज्ञा दे देते हैं। मसलन-' महंगाई-डायन, महंगाई चुड़ैल, महंगाई सुरसा वगैरह वगैरह। हमें पता चला कि महंगाई के विषय पर तोताराम जी मीडिया-सीडिया की बातों पर कभी भी ज?ा सा भी विश्वास नहीं करते हैं। उस दिन वो हमसे कहने लगे कि ये मीडिया वाले जो मन में आए अंट-शंट कुछ भी बकते रहते हैं। महंगाई-वहंगाई कुछ भी नहीं बढ़ रही। काहे की महंगाई, कहाँ है महंगाई। महंगाई पर चर्चा करते हुए तोताराम जी ने हमें ज्ञान दिया कि-' लेखक भैय्या ! वैसे तो अमूमन हमारी धर्मपत्नी जी ही बाजार से सब्जियाँ खरीदतीं हैं। सब्जी-वब्जी लाने का जिम्मा उसी का है लेकिन एक दिन उनकी तबीयत खराब होने के कारण उन्होंने सब्जी लाने का जिम्मा हमें सौंप दिया। तोताराम जी बताने लगे-'लेखक भैय्या ! उस दिन सब्जी लाने के लिए जब हम सब्जी मार्केट गए तो हमने टमाटर, घीया, अदरक, बैंगन, आलू,मटर के साथ ही भिंडी के भाव पूछ लिए। दुकानदार बोला कि भिंडी तीस रुपए पाव है, यानि कि 120 रुपए किलो। दुकानदार ने कहा-'एक किलो तौल दूं।' हमने कहा-'ज?ा एक पाव भिंडी ही तौल दीजिए। एक किलो भिंडी का हम आखिर क्या करेंगे ? बच्चे तो आजकल वैसे भी हरी सब्जियां खाते नहीं हैं, क्योंकि वे तो बर्गर-पिज्जा-नूडल्स खाते हैं और हम घर में सब्जी खाने वाले दो ही प्राणी हैं।' दुकानदार ने पहले तो हमारी तरफ कौतूहल भरी नजरों से घूर कर देखा और फिर पाव भिंडी तौलने लगा तो भिंडी 250 ग्राम के स्थान पर 254 ग्राम हो गई। जब दुकानदार 4 ग्राम भिंडी तौल में से वापस निकालने लगा तो हम बोलें भैय्या ! चार ग्राम ही तो फालतू हैं, रहने दो। क्या फर्क पड़ता है ? ऐसे क्या सोना तौल रहे हो ? इस पर दुकानदार बोला- फर्क पड़ता है और बहुत फर्क पड़ता है जी। तभी तो हम दुकानदार आजकल बाट वाला तराजू नहीं रखते। सुनार वाला 'धर्मकांटा' रखने लगे हैं। एकदम एक्यूरेट व वाजिब तौलते हैं, न एक ग्राम कम न दो ग्राम ज्यादा। ये आम जनता ने हम सब्जी वालों को हमेशा से लूटा ही लूटा है। एक पाव सब्जी लेते हैं और साथ में फ्री धनिया और हरी मिर्च भी डलवाते हैं। ये कोई बात हुई भला। अब हम सब्जी वाले यूं ही चार-चार ग्राम आपकी तरह सबको ज्यादा तौलने लगे तो हमें एक क्विंटल में 1600 ग्राम का घाटा हो जाता है और 1600 ग्राम का मतलब है सीधा 192 रुपए का नुकसान। लोगों ने हम भोले-भाले सब्जी वालों की दुकानों को 'ऑनलाइन परचेजिंग' की दुकानें/ऑनलाइन शॉप्स समझ लिया है। ऑनलाइन में एक के साथ एक फ्री का ऑफर होता है और ये ग्राहक हमारे साथ भी 'ऑनलाइनगिरी' अपनाते हैं। और वे ऑनलाइन की तर्ज पर हमसे धनिया और मिर्च फ्री डलवाते हैं। और तो और कई ग्राहक तो इतने ढीठ होते हैं कि दुकान पर खड़े-खड़े ही किसी बकरी की भांति एकाध गाजर, आठ-सात मटर, एकाध मूली, एक-दो टमाटर बिना हमसे पूछे ही सब्जी का मोल-भाव करते करते ही रगड़ देते हैं। बहुत से तो भाव पूछने और सब्जियों का स्वाद चखने ही हमारे पास आतें हैं। हम आपको चार ग्राम भिंडी फालतू दें तो दें कैसे ? ये तो भला हो इन 'गोल्डस्मिथ' का जिन्होंने इतनी अभूतपूर्व चीज 'धर्मकांटे' का निर्माण किया। वरना हम तो कब के लुट जाते। तोताराम जी बोलें-' लेखक भैय्या ! वो सब्जी वाला इतनी बातें कहकर ही नहीं ठहरा। वह बोलता ही गया। आगे सुनो ! वो सब्जी वाला हमसे कहने लगा-' शुक्र मनाओ कि अभी तक तो हमने 'गोल्डस्मिथ' वाला धर्मकांटा ही अपनी सब्जी की दुकान पर लगाया है। यदि तुम्हारे जैसे ग्राहक यूं ही हमारे पास आते रहे, और महंगाई डायन के पंख यूं ही फड़फड़ाते रहे तो हम सब्जी दुकानदारों को इन धर्मकांटों के बाहर 'कांच का फ्रेम' और लगवाना पड़ेगा। स्साला ! हवाएँ भी आजकल बहुत तेज चलतीं हैं, ग्राहकों का फेवर करतीं हैं और धर्मकांटों का बैलेंस बिगड़ जाता है, ज्यादा तुल जाता है। इन हवा- हवाईयों से धर्मकांटे के मापांकन( केलीब्रेशन) की सटीकता में हम सब्जी वालों के मापांकन में घोर बाधा उत्पन्न होती है।' तोताराम जी की बातें सुनकर हमने कहा-'इसका अर्थ यह हुआ कि आप भी मानतें हैं कि महंगाई बढ़ रही है।' तो इस पर तोताराम जी ने कहा-' महंगाई-वहंगाई कुछ भी नहीं बढ़ रही। लोगों की नीयत में फर्क आ गया है। लोग स्वार्थी और लालची हो गए हैं। इन सब्जी वालों को इतना भी इमान नहीं रहा है कि कोई एकाध मटर, टमाटर खा भी लेता है तो क्या हुआ ? इतने तो एटीकेट्स सब्जी वालों में होने ही चाहिए। आखिर संस्कृति-संस्कार व धैर्य-संयम नाम की भी कोई चीज होती है।' हम तोताराम जी की बातें सुनते रह गए।

## घर आ जा परदेसी...

डॉ. सुरेश कुमार

**बेटा** तुम यहाँ से वहाँ क्या गए हमारी जान ले गए। रुपए-पैसे नहीं भेजते कोई बात नहीं है। मेरी बूढ़ी हड्डियों में अभी भी कुछ ताकत बची है। बोझा उठाकर जैसे-तैसे तुम्हारी माँ और मेरा ख्याल रख लूँगा। मैं पिता हूँ। पिता पुरुष होता है। पुरुष को रोना नहीं चाहिए। फिर भी रोता हूँ। मैं क्या करूँ बेटा मजबूर हूँ। तुम्हारी कमी एक बार के लिए सह सकता हूँ लेकिन तुम्हारी माँ को कैसे समझाऊँ। जब भी तुम्हें फोन लगाता हूँ तुम काट देते हो। तुम्हारी माँ समझती है कि मैं ही ठीक से फोन नहीं लगा रहा हूँ। कहती है कि तुम बुड़बक हो। तुम्हें फोन चलाना नहीं आता। मैं हँस देता हूँ। वह इसी में खुश हो जाती है कि मेरा फोन तो उठाना चाहता है लेकिन मुझ जैसे गंवार से यह काम नहीं हो पा रहा है। हम दोनों यहाँ सठिया रहे हैं। सठियाने का यह दुख मुझे कभी नहीं सालता है। हम दोनों अनपढ़ गंवार हैं। हमें पढ़ना-लिखना नहीं आता है। पढ़ना-लिखना आता तो शायद अक्ल से पहले पर निकल आते। पर निकलने पर आदमी अपनों के पास नहीं स्वार्थ के पास उड़कर चला जाता है। मुझे तुम्हारी माँ से अब तक कोई शिकायत नहीं रही है। किंतु उसका अनपढ़पन मुझे खाए जा रहा है। वह यही समझती है कि मुझे तुमसे संपर्क करने का कोई तकनीकी ज्ञान नहीं है। वह यह क्यों नहीं समझना चाहती कि तकनीक भी आखिरकार मनुष्य द्वारा काम करता है। मैं लाख फोन लगाऊँ यदि तुम नहीं उठाओगे तो हमारी तुमसे कैसे बात हो सकती है। लोग कह रहे हैं कि जो पुरानी पड़ती जाती है वह नए के आने पर लुप्त हो जाती हैं। तकनीक के जमाने में बहुत जल्द चिट्ठी-पत्र गायब हो जायेंगे। अच्छा हुआ मैं पत्र के लुप्त होने से पहले लिख रहा हूँ। यह मेरी पीढ़ी की कहीं आखिरी चिट्ठी न हो। जब नया फेल हो जाता है तब पुराना ही काम करता है। इसीलिए तुम्हें चिट्ठी लिख रहा हूँ। मैं तो देश-दुनिया से कहता हूँ कि डाक की सेवा कभी बंद न करें। नहीं तो तुम जैसों के पास चिट्ठियाँ कैसे जायेंगी।

## फटाफट खबरें

## जीआरपी पुलिस ने चोरी के फोन के साथ अभियुक्त को पकड़ा



**मानिकपुर, चित्रकूट:** जीआरपी पुलिस ने ट्रेन में चोरी करने वाले अभियुक्त को मानिकपुर पनहाईं रेलवे स्टेशन से चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि अभियुक्त के द्वारा चलती ट्रेनों में यात्री के सोने के बाद उनके सामन व मोबाइल चोरी कर लिए जाते है।

बता दें की रेलवे पुलिस अधीक्षक जीआरपी झांसी मो मुस्ताक के निर्देशन में मानिकपुर जीआरपी पुलिस के प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक सुरेश चंद्र, प्रेम प्रकाश दीक्षित, हेड कांस्टेबल इमरान खान, हेड कांस्टेबल शशि कुमार सिंह द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर पन्हाई रेलवे स्टेशन से चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ अभियुक्त को पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त पुष्पराज राज कोल उर्फ विष्णु कोल पुत्र रामफल कोल निवासी ग्राम घटेहा पोस्ट गोद कला थाना जनेह जनपद रीवा मध्य प्रदेश का रहने वाला है। अभियुक्त के द्वारा ट्रेनों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था, जिसके विरूद्ध पहले से ही मानिकपुर जीआरपी में कई मुकदमे दर्ज थे, जिसमें यह लगातार फरार चल रहा था, जिसको जीआरपी पुलिस ने तीन चोरी के मोबाइल के साथ इसे पकड़ लिया है।

## कृत्रिम गभार्धान के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए बढ़ाया समय


**मीरजापुर।** अपर मुख्य सचिव दुग्ध विकास, मत्स्य एवं पशुधन विभाग डॉ रजनीश दुबे ने अष्टभुजा डाकबंगला पर गुरुवार को मंडलीय समीक्षा कर कार्य प्रगति परखी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने सभी सीवीओ को निर्देशित किया कि सभी तहसीलों में एक-एक कैटल कैचर उपलब्घ कराएं, जो एसडीएम व एसीवीओ की देखरेख में रहेगा।

अपर मुख्य सचिव ने कृत्रिम गभार्धान की खराब प्रगति पर नाराजगी जताई। लक्ष्य पूर्ति का समय 12 फरवरी तक निर्धारित था परंतु एक माह समय और बढ़ाकर लक्ष्य पूर्ति का निर्देश दिया। कहा कि सभी पशु चिकित्साधिकारी ब्लाक मुख्यालय व उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तहसील अथवा जिला मुख्यालय पर ही अपना निवास स्थान बनाएं। जनपद के बाहर रहने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। कहा कि ब्लाकों में तैनात पशु मैत्री से संवाद स्थापित कर उन्हें क्रियाशील किया जाए। फीडिंग भी समय से कराएं। इस दौरान मंडलायुक्त डा. मुथुकुमार स्वामी बी., प्रभारी डीएम व सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस, सोनभद्र, भदोही व मीरजापुर के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**बिंदुवार समीक्षा कर लक्ष्य पूर्ति का निर्देश**

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि गौ पालन, मछली व डेयरी आदि को बढ़ावा दिया जाए, ताकि किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकें। गोबर से बायोगैस प्लांट बनाने पर भी चर्चा हुई। निराश्रित गौ-आश्रय संरक्षण केंद्र की क्रियाशीलता, नए गौ-आश्रय स्थल की निर्माण प्रगति, भरण पोषण, मिशन 75 लाख, कृत्रिम गभार्धान अभियान, केसीसी व प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, रिवर रैचिंग की वार्षिक प्रगति, दुग्ध समितियों का गठन एवं पुर्नगठन की बिंदुवार समीक्षा कर लक्ष्य पूर्ति का निर्देश दिया।

## मथुरा में तीन शातिर चोर गिरफ्तार



**मथुरा।** कोसीकलां थाना पुलिस ने गुरुवार तीन अंतरराज्यीय शातिरों को घटना को अंजाम देने से पूर्व ही चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लूटे हुए जेवरात एवं हजारों की नगदी बरामद की है। पकड़े गए शातिरों ने कोसीकलां क्षेत्र में हुई चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिगुण बिसेन ने गुरुवार देर शाम चोरी का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़े अमान पुत्र मशकुरा निवासी सराय लालदास मेरठ, सोएब पुत्र सरताज निवासी सरायलाल दास मेरठ और गुफरान पुत्र इरफान निवासी सलाय लालदास मेरठ को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने मिलकर गत 26 नवंबर को नंदगांव पुल के पास भगवती मोबाइल सेंटर से मोबाइल, चालीस हजार रुपये की नकदी और अन्य सामान चोरी किया था। वहीं, 10 फरवरी को कोसीकलां बस स्टैण्ड के पास महिला से चैन और झूमर लूटे, 02 फरवरी को जोन्टी वाली गली में परचून की दुकान से सत्तर हजार और दूसरी दुकान से 22 हजार रुपये चुराये गये थे। इनका एक साथी शादाब पुत्र नसरूददीन फरार है। इनसे तमंचा कारतूस भी बरामद हुए हैं, इन्हें गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक थाना कोसीकलां चेतराम शर्मा, उपनिरीक्षक अवनीश त्यागी, सोनू भाटी, तेजेन्द्र सिंह, रोहन कुचालिया और पुलिस बल शामिल हैं।

## शुऑट्स में मारपीट के मामले में अतीक अहमद की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शुऑट्स में हुई मारपीट के मामले में बाहुबली अतीक अहमद की जमानत अर्जी को उनके अधिवक्ता द्वारा जोर न देने के बयान पर खारिज कर दी।

कोर्ट ने कहा कि क्योंकि याची पांच साल से जेल में है और वह अपनी जमानत अर्जी पर जोर नहीं दे रहा है। लिहाजा, जमानत अर्जी खारिज की जाती है।

यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह ने अतीक अहमद की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया है। अतीक अहमद पर शुऑट्स में मारपीट करने पर आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 395, 323, 504, 506 और 7 क्रिमिनल लॉ संशोधिन एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

# समाधान का केंद्र चित्रकूट है समस्याग्रस्त

## - सात अखाड़ों के महंतों ने केंद्र सरकार से कहा-चित्रकूट का बनाएं केंद्र शासित प्रदेश - यूपी और एमपी के चक्कर में नही हो पा रहा है विकास



**चित्रकूट ब्यूरो:** विश्वयुगीन समस्याओं के समाधान के केंद्र के परिभाषित किये जाने वाला चित्रकूट खुद समस्याग्रस्त है। समस्या इतनी विकराल है कि चित्रकूट विकास की दौड़ में काफी पीछे हो गया है। सूचना के विस्फोट के युग में भी चित्रकूट का विकास अभी आदिम युग में ही चल रहा है। यह बातें गुरूवार की दोपहर धर्मनगरी के आनंद रिसार्ट में सात अखाड़ों के महंतों ने पत्रकारों से कहीं।

उन्होंने कहा कि हम लोग न तो बुंदेली हैं और न ही बघेली, हम तो चित्रकूट के हैं और चित्रकूट सबका है, इसलिए अब केंद्र सरकार हमें यूपी,एमपी, बुंदेली, बघेली के बंधन से मुक्त कर चित्रकूट के 84 कोस परिक्षेत्र को केंद्र शासित प्रदेश बनाकर विकास का उपहार दे। जब तक हमें केन्द्र सरकार अपने आधीन नही लेगी तब तक हमारा सर्वांगीण विकास नही होगा।

संतोषी अखाड़े के महंत रामजी दास महराज ने कहा कि चित्रकूट की महिमा का गुणगान तो लगभग सभी वेद, पुराण, भगवतगीता में है। चित्रकूट तपोस्थलियों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। तभी तो प्रभु श्री राम ने अपने वनवास काल का सर्वाधिक समय दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश की मांग पूर्व में सिहस्थभूषण प्रेम पुजारी दास महराज, पंजाबी भगवान, भारतरत्न नानाजी देशमुख, पदमविभूषण जगद्गुरू राम भद्राचार्य महराज आदि समय समय पर करते रहे हैं। अगर वास्तव में चित्रकूट की महिमा को और आगे बढाना चाहती है तो इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया जाए। दिगंबर अखाड़े के महंत दिव्यजीवनदास महराज ने कहा कि चित्रकूट को चिंताहरण के रूप में परिभाषित किया जाता है। विश्व युगीन समस्याओं के समाधान के इस केंद्र को अभी तक दो प्रदेशों में विभिन्न स्थान होने के कारण विकास की दृष्टि से वह न्याय मिल सका है जिसका वह हकदार है। यूपी और एमपी की सीमा में बंटे इस क्षेत्र को अभी दोनों सरकारों ने मुक्त क्षेत्र तो घोषित किया है लेकिन वह पर्याप्त नही है। इस 84 कोस के भूभाग को अगर केंद्र सरकार अपने पास रखे और इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दे तो इस अनोखे तीर्थ का विकास द्रुतगति से होना संभव होगा।

निवार्णी अखाड़े के महंत सत्यप्रकाश दास कहा कि चित्रकूटधाम विश्व का एक मात्र ऐसा महान तीर्थ है जहां पर धार्मिक, आध्यात्मिक, पौराणिक व ऐतिहासिक व साथ ही पर्यटकीय दृष्टि से प्रकृति ने अपना वैभव लुटाया है। इस दौरान महानिवार्णी अखाड़े के महंत आदित्यदास महराज, खाकी अखाड़े के महंत अनूप दास व महंत रामजनम दास ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार व चिंतक संदीप रिछारिया ने कहा कि हम लोग अपनी सात मांगे आप पत्रकारो के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। यह मांगे आगे समय पर केद्र सरकार के विभिन्न नेताओं व अधिकारियों के पास भी भेजी जाएंगी। उन्होंने कहा कि चित्रकूटधाम के 84 कोस परिक्षेत्र को केंद्र सरकार अपने आधीन लेकर केंद्र शासित प्रदेश बनाए। चित्रकूट नगर पालिका क्षेत्र में पूर्ण रूप से शराब, मुर्गा, बकरा, अंडा व पान मसाला, बीडी सिगरेट की बंदी की जाए। जिससे यहां पर आने वाले यात्रियों की भावनाएं दूषित न हों।

इस मौके पर आभार प्रदर्शन करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी आनंद प्रताप सिंह पटेल ने कहा कि वह कौन से कारण हैं जिसके चलते जिसके कारण देवताओं और ऋषियों द्वारा सेवित चित्रकूट का स्वरूप नही बदल रहा है। आज भी समस्याएं चित्रकूट में सभी ओर दिखाई देती हैं। इनका एक मात्र समाधान चित्रकूट को केंद्र शासित प्रदेश बनाने से ही हल होगा।

# डीएम ने लिया हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं का जायजा

## ड्यूटी करने वाले सभी लोगों को आई कार्ड रखने के दिए निर्देश



**चित्रकूट ब्यूरो:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के संचालन का चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी, जे पी इंटर कॉलेज कर्वी एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित सीसीटीवी रिकॉर्ड रूम, जनपदीय स्ट्रांग रूम मॉनिटरिंग सेल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चित्रकूट इंटर कॉलेज के कक्ष संख्या 21 व 22 में संचालित परीक्षा की व्यवस्था का जायजा लिया तथा केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान से उन कक्षाओं की जानकारी ली जिनमें परीक्षा संचालित की जा रही है। जिसमें प्रधानाचार्य ने बताया कि 25 कक्षाओं पर परीक्षा संचालित हो रही है। इसके बाद जिलाधिकारी ने जे पी इंटर कॉलेज कर्वी के निरीक्षण के दौरान कक्ष संख्या एक व दो का निरीक्षण किया, जहां पर केंद्र व्यवस्थापक रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि 10 कक्षाओं पर परीक्षा संचालित की जा रही है। राजकीय हाईस्कूल मडैयन में निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक भैरव प्रसाद को प्रॉपर ड्रेस कोड, आई कार्ड न होने एवं गुटखा खाए पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि तत्काल प्रभाव से प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में जिन अध्यापकों, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी लगाई गई है, उन सभी के पास आई कार्ड अवश्य होना चाहिए। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी के कक्ष संख्या एक, चार व आठ का निरीक्षण किया। केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्या पुष्पा वर्मा ने बताया कि नौ कक्षाओं पर परीक्षा संचालित कराई जा रही है। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्र, स्ट्रांग रूम तथा सीसीटीवी कैमरा के वॉइस रिकॉर्डर रूमों का अवलोकन किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित मानीटरिंग सेल का निरीक्षण करके जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में संचालित परीक्षा के संचालन को सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से देखा तथा अपर उपजिलाधिकारी रामजन्म यादव को निर्देश दिए कि लगातार सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा संचालन की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से करते रहे। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि जिन परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा के रिकॉर्डर पर फोकस कम आ रहा है, उन केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दे कि वह तत्काल सही कराएं।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर राजबहादुर, अपर उपजिलाधिकारी रामजन्म यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप सहित संबंधित अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि मौजूद रहे।

## रेल यात्रियों का सामान चोरी करने वाली शातिर महिला सहित दो गिरफ्तार, चार लाख के जेवरात बरामद




**मथुरा।** मथुरा की जीआरपी ने चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म संख्या आठ से शातिर महिला और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से ट्रेनों में यात्रियों के चोरी किए चार लाख के करीब के जेवरात बरामद हुए हैं। यह जानकारी गुरुवार शाम जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सक्सेना ने दी है।

गौरतलब है कि ट्रेनों में होने वाली आपराधिक वारदातों को रोकने के लिए एसपी रेलवे मो. मुश्ताक ने जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सक्सेना के नेतृत्व में विशेष चेकिंग टीम का गठन किया है।

जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सक्सैना ने बताया कि टीम गुरुवार को जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या आठ पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टीम की नजर निशा पत्नी सरजन निवासी ग्राम गदाई थाना कोतवाली जलेसर जिला एटा और उसके साथी विकास कुमार पुत्र स्व. जितेन्द्र कुमार निवासी ग्राम नंगला मीरा थाना कोतवाली जलेसर जिला एटा पर पड़ी। वह दोनों पुलिस से बचने का प्रयास कर स्टेशन से बाहर जाने की फिराक में थे। टीम का नेतृत्व कर रहे कोसी जीआरपी चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, एसएसआई कुलवीर सिंह तरार महिला सिपाही नीरेश आदि ने दोनों को पकड़ लिया। तलाशी में उनके सामान से एक गले का हार, दो चूड़ी, दो झाले, एक चैन मय लोकेट, दो लेडीज अंगूठी, एक माथे का टीका और कान की बालियां सभी सामान सोने का बरामद हुआ। जिनकी लगभग कीमत चार लाख रुपये के करीब है।

# हर घर नल योजना का मटेरियल चोरी कर बेच रहे जिम्मेदार

## औने पौने दामो में बिक रही टंकी निर्माण की सामग्री

**चित्रकूट ब्यूरो:** जिला में इन दिनों हर घर नल योजना के तहत ग्राम पंचायतों में टंकी निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री आसानी से ओने पौने दामों में बेचे जाने का मामला सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार के द्वारा हर घर नल योजना के तहत प्रत्येक घर में पानी सप्लाई करने का जो सपना देखा गया और उसकी पूर्ति के लिए हर घर नल योजना (नमामि गंगे) की शुरूआत जोर-शोर से की गई ताकि आने वाले गर्मी के समय में लोगों को किसी तरह की पेयजल संबंधित समस्या ना हो इसके लिए उत्तर प्रदेश के सूबे की सरकार के द्वारा सख्त कदम उठाए गए हैं और भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्रवाई भी की जा रही है

लेकिन कर्वी विकासखंड के ग्राम पंचायतों में एजेंसियों के द्वारा हर घर नल योजना के तहत जो पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है निर्माण कार्य में जमकर धांधली करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि पानी टंकी निर्माण के लिए सीमेंट और सरिया जो उपलब्ध कराई गई है उस सरिया को आसानी से ओने पौने दामों में नजदीक के क्षेत्रों में बेचने का कार्य एजेंसी के सुपरवाइजरो के द्वारा चोरी-छिपे किया जा रहा है।

**- पानी टंकी के यहां हो रहे निर्माण कार्य**

आपको बता दें कि कर्वी विकासखंड के ग्राम पंचायत अकबरपुर, गोंडा , पहरा सहित कई गांव में निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है लेकिन पानी टंकी निर्माण कार्य की सामग्री आसानी से औने पौने दामों में एजेंसियों के सुपरवाइजरो के द्वारा आसपास के क्षेत्र सहित भरतकूप के जाने-माने चिन्हित व्यवसायियों को बेचने का काम किया जा रहा है जिसमें पानी टंकी निर्माण कार्य में आई सामग्री को पिकअप व ट्रैक्टर के माध्यम से चोरी कर सुपरवाइजर औने पौने दामों में ठिकाने लगा रहे हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पानी टंकी निर्माण कार्य के नाम पर जो सामग्री सिर्फ दस्तावेजों पर खरीदी जा रही है।

उसे ओने पौने दामों में यदि सुपरवाइजर आसपास के क्षेत्रों में बेच देगा तो कितना मजबूत पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा होगा इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हर घर नल योजना के तहत जो ग्राम पंचायतों में पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा है उसमें जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है घटिया सामग्री का इस्तेमाल होने की वजह से सुपरवाइजर सामग्री को नजदीक के क्षेत्रों में ओने पौने दामों में बेचने का कार्य कर रहे हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है

**- ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सामग्री बेचने की की शिकायत**

हर घर नल योजना के तहत ग्राम पंचायतों में पानी टंकी निर्माण कार्य की इस सामग्री को औने पौने दामों में सुपरवाइजर के द्वारा बेचे जाने की जब भनक ग्रामीणों को लगी तो ग्रामीणों के द्वारा इसकी शिकायत चित्रकूट जिला अधिकारी से की गई और ऐसे एजेंसी व ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है आपको बतादूं कि पानी टंकी निर्माण कार्य में पहरा,गोंडा, अकबरपुर, सहित कई ग्राम पंचायतों में पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है इसमें एजेंसी व उनके सुपरवाइजरो के द्वारा माल की सप्लाई औने पौने दामों में की गई है जिसका वीडियो भी पत्रकारों के हाथ लगा है जिसको लेकर लगातार खबर भी चलाई जा रही है ग्रामीणों ने मांग की है कि ऐसे एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई की जाए जो पानी टंकी निर्माण कार्य के उपयोग के लिए खरीदी गई सामग्री को आसपास के क्षेत्रों में औने पौने दामों में बेचने का कार्य कर अपनी जेब भर रहे हैं और शासन की योजनाओं को ठिकाने लगाया जा रहा है

**- पत्रकार ने दिखाई सच्चाई तो रपट करने की एक युवक ने दी धमकी**

वही जब पानी टंकी निर्माण कार्य के उपयोग में आई सामग्री को औने पौने दामों में बेचे जाने की बात मीडिया के सामने आई तो मीडिया ने औने पौने दामों में पानी टंकी निर्माण कार्य की सामग्री जो भरतकूप सहित आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी के सुपरवाइजरओं के द्वारा बेचने का कार्य किया जा रहा था उसको लेकर खबर के माध्यम से प्रकाशन किया तो एक एजेंसी का मालिक बताने वाला युवक ने पत्रकार को ही फोन के माध्यम से निपटने की धमकी देने लगा वही जब पत्रकार ने बातचीत की तो पहले पत्रकार को अपने आप को ठेकेदार बताने वाला एक एजेंट ने बताया कि उससे आकर वह मुलाकात कर ले और लेनदेन कर मामला को रफा-दफा कर दे

लेकिन जब पत्रकार ने लेन-देन की बात नहीं की तो जब उसकी बात पत्रकार से नहीं बनी तो उसने पत्रकार को जेल भेजने सहित अन्य कई धमकियां भी फोन के माध्यम से दे डाला इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यदि पानी टंकी निर्माण कार्य की सामग्री का संबंधित व्यक्ति के द्वारा चोरी नहीं की गई तो फिर पत्रकार को पैसा देने सहित जंग लड़ने की धमकी क्यों दी जाने लगी।

यहां तक कि पानी टंकी निर्माण कार्य में अपने आप को ठेकेदार बताने वाले युवक के द्वारा उसकी बातों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पानी टंकी निर्माण कार्य की सामग्री इनके द्वारा कई जगह से आसपास के क्षेत्रों में ओने पौने दामों में बेचने का कार्य किया गया है और यही वजह है कि संबंधित व्यक्ति के द्वारा पत्रकार को पैसा देकर मामले को दबाने का प्रयास किया गया है वहीं जब पत्रकार ने संबंधित युवक की बात नहीं मानी तो उसके नाम स्थानी भरतकूप थाना क्षेत्र में एक आवेदन भी एजेंसी का अपने आप को ठेकेदार बताने वाले युवक के नाम दिया गया है वहीं अब देखने वाली बात यह होगी कि पानी टंकी निर्माण कार्य के लिए आई सामग्री की चोरी कर आसपास के क्षेत्रों में बेचने वाले ऐसे लोगों पर कब कार्रवाई होती है या फिर हर घर नल योजना की निर्माण सामग्री का इसी तरह चोरी कर आसपास के क्षेत्रों में बेचने का काम जारी रहेगा।

------------------

## गांजा तस्करी के मामले में पति-पत्नी समेत चार को सजा

**चित्रकूट ब्यूरो:** गांजा तस्करी के मामले में पकड़े गए पति-पत्नी समेत चार लोगों को न्यायालय ने सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनत कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 30 अगस्त 2022 को मानिकपुर जीआरपी थाना प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा अपनी टीम के साथ रेलवे स्टेशन मानिकपुर में सघन जांच कर रहे थे। इस दौरान तीन पुरूष और एक महिला जीआरपी टीम को देखकर भागने लगे। जिन्हें टीम ने दबोच लिया। पकड़े गए लोगों के बैग से बड़े पैमाने पर गांजा बरामद हुआ था। जिसमें हमीरपुर जिले के मौदहा थाने के नरायच गांव के निवासी महावीर वर्मा पुत्र राधे, मोनू कुमार पुत्र कल्लू व छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के कूरा गांव के निवासी बलविन्दर सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह और पिंकी कडरा पत्नी बलविन्दर के विरुद्ध मानिकपुर जीआरपी थाने में स्वापक औषधि एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीले सुनने के बाद गुरुवार को त्वरित न्यायालय के अपर जनपद न्यायाधीश सुशील कमार वर्मा ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोषसिद्ध होने पर आरोपी मोनू कुमार, महावीर वर्मा व बलविन्दर सिंह को पांच-पांच वर्ष कारावास एवं प्रत्येक को 50,000 रू अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

## गैस सिलेंडर फटने से नेपाली सांसद जख्मी, मां का निधन

**काठमांडू।** घर में गैस सिलेंडर फटने से नेपाल के सांसद चंद्र भंडारी बुरी तरह जख्मी हो गए। उनकी 86 वर्षीय मां का इलाज के दौरान निधन हो गया। अब सांसद को इलाज के लिए भारतीय शहर मुंबई ले जाया जाएगा। नेपाल की गुलमी संसदीय सीट से नेपाली कांग्रेस के सांसद चंद्र भंडारी के बुद्ध नगर स्थित सांसद निवास में अचानक तेज धमाके के साथ घर में खाना बनाने के लिए रखा एलपीजी गैस सिलेंडर फट गया। सिलेंडर में हुए विस्फोट से सांसद चंद्र भंडारी की मां हरिकला भंडारी बुरी तरह जख्मी हो गयीं। उनके साथ सांसद स्वयं भी जख्मी हुए हैं। गंभीर अवस्था में उन्हें कीर्तिपुर स्थित बर्न अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कीर्तिपुर अस्पताल के चिकित्सकों का कहना है कि सांसद चंद्र भंडारी की 86 वर्षीय मां हरिकला भंडारी 80 प्रतिशत जलकर अत्यधिक गंभीर थीं। स्वयं सांसद भी 25 प्रतिशत जल गए हैं। कीर्तिपुर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चिकित्सा निर्देशक डॉ. निजीना ताम्रकार के मुताबिक,सांसद भंडारी की माताजी का निधन गुरुवार सुबह 10:57 बजे हुआ। सांसद भंडारी का इलाज अभी उसी अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों की संस्तुति के बाद नेपाली सांसद व उनकी मां को इलाज के लिए भारत भेजे जाने की तैयारी की गयी है। उन्हें मुंबई के लिए विशेष विमान एंबुलेंस सेवा से भेजा जाएगा।अस्पताल के चिकित्सा निर्देशक डा. निजिना ताम्रकार और डॉ. किरण नकर्मी ने सांसद को उचित इलाज के लिए किसी सर्वसुविधायुक्त स्वास्थ्य संस्थान में भेजने की सिफारिश की है।



## उसके स्वायत्त क्षेत्रों में 10 बार घुसे थे अमेरिकी गुब्बारे : चीन

**बीजिंग।** चीन ने आरोप लगाया है कि उसके कई प्रांतों के ऊपर कथित अमेरिकी गुब्बारें उड़ते देखे गए थे। चीन ने कहा कि उसके मौसम की जानकारी के लिए उड़े गुब्बारे को मार गिराने के लिए अमेरिका के खिलाफ कड़े कदम उठाएगा। दैनिक ब्रीफिंग में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि शिनजियांग और तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र में अधिक ऊंचाई पर अमेरिका के गुब्बारे उड़ते पाए गए थे। वांग वेनबिन ने कहा कि मई 2022 के बाद से अमेरिकी गुब्बारों ने कम से कम दस बार चीनी क्षेत्र में प्रवेश किया था। 4 फरवरी की इस घटना के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका ने छह चीनी संस्थाओं को प्रतिबंधित कर दिया है। चीन ने एक बार फिर दोहराया कि उसका एक मानव रहित गुब्बारा मौसम की जानकारी के मिशन पर था, जिसे अमेरिका ने मिसाइल से गिरा दिया था। चीन ने कहा कि वह अमेरिकी ईस्ट कोस्ट से एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे को गिराने से संबंधित अमेरिकी संस्थाओं के खिलाफ कदम उठाएगा। हालांकि उन्होंने इसका कोई विवरण नहीं दिया। अमेरिका में चीनी गुब्बारा मार गिराने के बाद से दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट बन गई है।

## अब रूस ने कीव के ऊपर छोड़े छह घातक गुब्बारे, यूक्रेनी सेना ने झटके में मार गिराया

**कीव।** जासूसी गुब्बारों को लेकर अभी अमेरिका और चीन के बीच तनाव खत्म भी नहीं हुआ था कि अब रूस ने भी यूक्रेनी राजधानी कीव के ऊपर छह घातक गुब्बारे छोड़ दिए हैं। हालांकि,



जेलेंस्की की सेना इस दौरान मुस्तैद दिखी और एक झटके में सभी गुब्बारों को मार गिराया। प्रशासन ने गुब्बारों में कॉर्नर रिफ्लेक्टर और टोही उपकरण लगे होने की आशंका जताई है।

इस बीच यूक्रेनी वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने पुष्टि की है कि हवाोई हमले के सायरन राजधानी में उड़ रहे गुब्बारों के कारण बज रहे थे। यह हाल के दिनों में तथाकथित जासूसी गुब्बारों के सुर्खियां बटोरने के बाद आया है जब अमेरिका ने चीन पर खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए उच्च ऊंचाई वाला गुब्बारा छोड़ने का आरोप लगाया था। गुब्बारों को लॉन्च करने का उद्देश्य संभवतः हमारी वायु सुरक्षा का पता लगाने और समाप्त करने के लिए था।

# भारत और फिजी के बीच वीजा में छूट, बढ़ेगा दोनों देशों का सहयोग

**-फिजी के प्रधानमंत्री और भारतीय विदेश मंत्री ने किये समझौते पर हस्ताक्षर**

**-भारत और चीन के साथ पुरानी साझेदारी जारी रखने का फिजी ने किया ऐलान**

**सुवा।** भारत और फिजी के बीच वीजा में छूट देने पर सहमति बनी है। फिजी में 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन में शिरकत करने गए भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका ने इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ दोनों देशों का सहयोग और बढ़ाने की बात कही।

फिजी के प्रधानमंत्री के साथ समझौते पर हस्ताक्षर के बाद दोनों देशों के बीच वीजा में छूट की राह खुल गई। इस समझौते के तहत दोनों देशों के उन नागरिकों को वीजा लेने में छूट दी जाएगी, जिनके पास डिप्लोमेटिक और काम संबंधी पासपोर्ट है। इससे फिजी जाने वाले भारतीयों की तादाद में इजाफा हो सकता है। यह समझौता दोनों देशों के नागरिकों के बीच पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। समझौते के बाद भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और फिजी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक तौर पर बेहद करीबी देश हैं। भारत और फिजी के लोगों का लोगों से संबंध है और दोनों देशों के बीच संबंध काफी पुराने भी हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे राष्ट्र निर्माण वाले क्षेत्रों में फिजी की मदद करना भारत के लिए खुशी की बात है। भारत ने फिजी के गन्ना उद्योग में काम किया है। अब भारत की ओर से अक्षय ऊर्जा और छोटे और मध्यम उद्योगों को आईटी सपोर्ट मुहैया कराने पर भी विचार किया जा रहा है। फिजी प्राकृतिक आपदाओं के लिए संवेदनशील इलाका है और भारत हमेशा फिजी के मुश्किल समय में उसके साथ खड़ा रहा है। कोरोना जैसे समय में भारत ने फिजी की मदद की और वैक्सीन मैत्री के तहत फिजी को एक लाख वैक्सीन की डोज भेजी गई थी। फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार की 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन का फिजी में सह-आयोजन करने के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से फिजी का खास दोस्त और विश्वसनीय सहयोगी रहा है। दोनों देशों ने मजबूत साझेदारी विकसित की है, जिसमें राष्ट्र निर्माण के सभी क्षेत्र शामिल हैं। भारत हमेशा जरूरत के वक्त फिजी के साथ खड़ा रहा है। फिजी सौभाग्यशाली हैं कि कोरोना महामारी संकट के दौरान भारत ने वैक्सीन की मदद दी। फिजी के प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ हुई सकारात्मक बातचीत से दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा।



# पनामा में प्रवासियों की बस दुर्घटनाग्रस्त, 33 की मौत

**पनामा सिटी।** कोलंबिया और पनामा के बीच खतरनाक डेरेन गैप को पार करते समय प्रवासियों की एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्रवासियों की बस एक अन्य बस से टकराने के बाद खाई में गिरने से कम से कम 33 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। पनामा के राष्ट्रपति ने हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। पुलिस ट्रांजिट ऑपरेशंस कमिश्नर एमिलियानो ओटेरो ने पत्रकारों को बताया कि राजधानी पनामा सिटी से लगभग 400 किलोमीटर (250 मील) पश्चिम में यह दुर्घटना हुई। बस में चालक और एक सहायक सहित 66 लोग सवार थे। बताया गया कि यह बस पनामा के पूर्वी सीमावर्ती कोलम्बिया में एक जंगल क्षेत्र डेरेन से प्रवासियों को लेकर कोस्टा रिका की सीमा में चिरिकि के पश्चिमी तटीय प्रांत की ओर जा रही थी। यह बस एक अन्य बस से टकराने के बाद खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में 33 लोगों के मरने की खबर है। पनामा की प्रवासन की राष्ट्रीय निदेशक समीरा गोज़ाइन ने टेलीमेट्रो ब्रॉडकास्टर को बताया कि अभी तक हमारे पास 33 लोगों के मारे जाने की सूचना है। पनामा के प्रवास के उप निदेशक मारिया इसाबेल सराविया ने अभी यह स्पष्ट किया है कि बस में सवार यात्री किन देशों के नागरिक थे। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि घायलों में से कई को एंबुलेंस से चिरिकि प्रांत की राजधानी डेविड के एक अस्पताल ले जाया गया है। पनामा के राष्ट्रपति लॉरेंटिनो कॉर्टिज़ो ने ट्वीट कर कहा, सरकार इस दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि अनियमित प्रवासन से निपटने के लिए मानवीय सहायता और अच्छी स्थिति प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। दुर्घटना में घायलों को पनामा सरकार चिकित्सा सुविधा पहुंचा कर रही है।



# तालिबान की धमकी से सहमा चीन : पाकिस्तान में कॉनस्युलर ऑफिस पर ताला

### नागरिकों से कहा- पाक में रहना खतरनाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सदाबहार दोस्त चीन ने इस्लामाबाद में अपना कॉन्स्युलर ऑफिस अचानक बंद कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- शी जिनपिंग सरकार ने यह फैसला तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलोच लिबरेशन फ्रंट से लगातार मिल रही हमलों की धमकियों के बाद किया है।

पिछले ही हफ्ते चीन ने पाकिस्तान में रह रहे अपने नागरिकों को एक सख्त एडवाइजरी जारी की थी। इसमें कहा गया था कि पाकिस्तान में सिक्योरिटी के हालात खराब हैं और वहां रहना खतरनाक है। लिहाजा, अपनी सुरक्षा का खास ख्याल रखें। वेबसाइट पर दी जानकारी

कुछ हफ्ते पहले पाकिस्तान के अखबार 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने एक रिपोर्ट में दावा किया था कि चीन इस्लामाबाद में मौजूद अपनी एम्बेसी की हिफाजत को लेकर परेशान है और कोई सख्त कदम उठा सकता है। इसके बाद एम्बेसी ने अपनी वेबसाइट पर बयान जारी किया और कहा कि कॉन्स्युलर सेक्शन बंद किया जा रहा है। हालांकि, इसकी वजह नहीं बताई गई। पाकिस्तान ने कहा था- हम सभी विदेशी नागरिकों की पूरी हिफाजत कर रहे हैं। सिक्योरिटी फोर्सेस अलर्ट पर हैं।

पिछले महीने इस्लामाबाद में



पिछले हफ्ते चीन सरकार ने एक नोटिफिकेशन में कहा था- अगर चीनी नागरिक पाकिस्तान में मौजूद हैं तो वो अपनी सिक्योरिटी को लेकर बिल्कुल अलर्ट रहें। जब तक जरूरी न हो बाहर निकलने से बचें। वहां सिक्योरिटी सिचुएशन खराब है। चीन के इस बयान का पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने विरोध किया था। तालिबान के एक फिदायीन हमलावर को पुलिस ने रेड सिक्योरिटी जोन में रोकने की कोशिश की थी। इसके बाद उसने खुद को उड़ा लिया था। हमले में दो पुलिस अफसर मारे गए थे। इसके बाद पेशावर की पुलिस लाइन्स की मस्जिद में फिदायीन हमला हुआ था और वहां 100 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

# तीन सप्ताह में तीन अमेरिकी अधिकारियों ने किया नेपाल का दौरा, प्रचंड सरकार से प्रतिबद्धता की तलाश

**काठमांडू।** इन दिनों नेपाल में अमेरिकी गतिविधियां तेज हो गई हैं। तीन सप्ताह में अमेरिका के तीन अधिकारियों ने नेपाल का दौरा किया है। इन अधिकारियों ने यहां के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जिस तरह से विभिन्न दौर की बैठकें की हैं, उससे ऐसा लगता है कि अमेरिका यहां की नई सरकार से प्रतिबद्धता चाहता है। अमेरिका की उपमंत्री आफरीन अख्तर दो दिवसीय नेपाल यात्रा के बाद मंगलवार को स्वदेश लौट गईं। अपने दौरे के आखिरी दिन उन्होंने थल सेनाध्यक्ष प्रभुराम शर्मा से मुलाकात की। पिछले हफ्ते, अमेरिकी सहायता के लिए यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूसएड) की प्रशासक सामंथा पावर ने नेपाल का दौरा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड से भी मुलाकात की। पावर के दौरे के दौरान यूरोपियन कमिश्नर फॉर इंटरनेशनल पार्टनरशिप जूटा उर्पिलीनिन भी नेपाल में थे। उन्होंने प्रधानमंत्री दाहाल से मुलाकात की थी। जनवरी के अंत में, एक अन्य उपमंत्री विक्टोरिया नूलैंड ने भी नेपाल का दौरा किया था। तीन हफ्तों में तीन अमेरिकी अधिकारियों ने लगातार नेपाल का दौरा किया। इससे प्रचंड के नेतृत्व वाली नई सरकार के गठन के बाद अमेरिकी सक्रियता देखी जा सकती है। नेपाल में ताजा अमेरिकी गतिविधि को पूर्व विदेश मंत्री भेश बहादुर थापा वैश्विक कूटनीतिक पैंतरेबाजी के एक हिस्से के रूप में देखते हैं। उनका कहना है कि जब दुनिया भर में युद्ध और अन्य घटनाओं के कारण अराजकता हो तो इसे स्वाभाविक माना जाना चाहिए।



## टेक्सास में शॉपिंग मॉल में चार लोगों पर गोलीबारी, एक की मौत; पकड़ा गया एक संदिग्ध

**टेक्सास।** अमेरिका में एक बार फिर खुलेआम गोलीबारी का मामला सामने आया है। यहां टेक्सास राज्य के अल पासो में एक बंदूकधारी ने शॉपिंग मॉल में घुसकर चार लोगों पर गोलियां बरसा दीं। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक और संभावित संदिग्ध की खोज की जा रही है। पुलिस ने कहा कि एक व्यक्ति को कस्टडी में रखा गया है। लेकिन इस घटना में एक और व्यक्ति के शामिल होने का शक है और उसकी तलाश की जा रही है। अल पासो पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि हमला सिएलो विस्टा मॉल के फूड कोर्ट में हुआ। उसने लोगों को मॉल से दूर रहने का अलर्ट जारी किया। बताया गया है कि यह मॉल उस वॉलमार्ट के काफी नजदीक है, जहां 2019 में गोलीबारी की घटना में 23 की मौत हुई थी और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इस घटना के एक चश्मदीद ने बताया कि उसने मॉल में अचानक गोलीबारी की आवाज सुनी और कई लोगों को बाहर भागते देखा। उसने बताया कि वह अपनी कार तक सुरक्षित पहुंचने में कामयाब रहा।

# पेशावर से क्वेटा जा रही ट्रेन में धमाका, दो की मौत, कई घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकी घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब गुरुवार सुबह पेशावर से क्वेटा जा रही ट्रेन में हुए जोरदार धमाके ने दो लोगों की जान ले ली। कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह पेशावर से बलूचिस्तान के शहर क्वेटा जा रही जाफर

पटरी से तो उतरी किन्तु जानमाल का नुकसान अपेक्षाकृत रूप से कम हुआ है। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और कई लोग जख्मी हुए हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, जिनमें से चार लोग गंभीर हैं। इस कारण मरने वालों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

पाकिस्तान का बलूचिस्तान क्षेत्र लगातार अशांत बना हुआ है। वहां बलूचिस्तान के निवासी पाकिस्तानी सेना व सरकार पर उत्पीड़न का आरोप लगाते रहते हैं। उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने वाली बलूच लिबरेशन आर्मी पर आतंकी घटनाओं के आरोप भी लगते हैं। जाफर एक्सप्रेस में गुरुवार को हुए धमाके के कारणों का अभी पता नहीं चला है किन्तु इसे बलूच लिबरेशन आर्मी से ही जोड़ कर देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने भी जाफर एक्सप्रेम में ऐसा ही एक धमाका हुआ था। तब धमाके से ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे थे और आठ लोग जख्मी हुए थे।



**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# बीबीसी कार्यालयों पर आयकर सर्वे पर बोलने से अमेरिका का इनकार

**वाशिंगटन।** भारत में बीबीसी के कार्यालयों पर आयकर सर्वे पर बोलने से अमेरिका ने इनकार कर दिया है। एक पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल पर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने इस मसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

बीते दिनों भारत में बीबीसी के कार्यालयों पर आयकर विभाग का सर्वे चर्चा का विषय बना हुआ है। वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग की नियमित प्रेस कांफ्रेंस में पाकिस्तान पत्रकार जहांजेब अली ने बीबीसी के भारतीय कार्यालयों पर भारतीय आयकर विभाग के सर्वे का मसला उठाया था। उन्होंने कहा कि 2002 के गुजरात दंगे पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर उठे विवाद के बाद यह कार्रवाई की गयी है। जहांजेब ने पूछा था कि अमेरिकी सरकार क्या इस मुद्दे को लेकर चिंतित है या फिर इस पर कुछ प्रतिक्रिया देना चाहती है? पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल के जवाब में अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि दिल्ली में बीबीसी के कार्यालयों में भारतीय टैक्स अथॉरिटीज के तलाशी अभियान की उन्हें जानकारी है लेकिन उन्होंने इस पर आगे कुछ टिप्पणी करने से साफ इनकार कर दिया। नेड प्राइस ने साफ कहा कि भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंध हैं। दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और लोगों के लोगों से संबंध हैं। साथ ही दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्य भी साझा करते हैं।

हालांकि नेड प्राइस ने अपने बयान में प्रेस की आजादी का समर्थन किया और कहा कि अमेरिका लगातार दुनियाभर में प्रेस की आजादी और धार्मिक आजादी व मानवाधिकार की अहमियत का समर्थक रहा है। इनसे लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग की तलाशी के बारे में भारतीय अथॉरिटीज ही विस्तृत जवाब दे सकती हैं।



# ट्राई का दूरसंचार कंपनियों को टेलीमार्केटिंग संदेशों पर रोक लगाने का निर्देश

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मोबाइल फोन उपभोक्ताओं को बार-बार परेशान करने वाले संदेश भेजने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश जारी किया है। ट्राई ने सभी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों को इन निर्देशों का अनुपालन 30 दिन के अंदर करने को कहा है। संचार मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि ट्राई ने टेलीमार्केटिंग कंपनियों की तरफ से मोबाइल फोन उपभोक्ताओं को बार-बार अनधिकृत संदेश भेजने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को यह निर्देश जारी किया। ट्राई ने अपने निर्देश में दूरसंचार सेवा प्रदाता टेलीमार्केटिंग कंपनियों की तरफ से हेडर एवं संदेश के खाके का दुरुपयोग रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने को कहा है।दूरसंचार नियामक ट्राई के इस निर्देश में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को सभी पंजीकृत हेडर एवं संदेशों के खाके (टेम्पलेट) का ह्याडिस्ट्रिब्यूटिड लेजर टेक्नोलॉजीह्न (डीएलटी) मंच पर दोबारा सत्यापन करने के लिए कहा गया है। ट्राई ने अपने निर्देश में कहा कि सत्यापित नहीं किए गए सभी हेडर एवं संदेशों के टेम्पलेट को क्रमशः 30 एवं 60 दिन के अंदर प्रतिबंधित करना होगा। ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि अस्थायी हेडर को समय-सीमा खत्म होने के फौरन बाद निष्क्रिय कर दिया जाए। इन निर्देशों का पालन नहीं करने वाली टेलीमार्केटिंग एजेंसियों पर कार्रवाई करने के लिए भी दूरसंचार कंपनियों को कहा गया है। इसके अलावा ट्राई ने उनपर संबंधित कानूनों के उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।

सत्यमेव जयते
Telecom Regulatory Authority of India
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण